कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 317, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 13 दिसंबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### प्रधानमंत्री मोदी की मौजूदगी में 16 मंत्रियों के साथ ली शपथ, गृहमंत्री, रक्षामंत्री समेत कई राज्यों के सीएम भी रहे मौजूद

## गुजरात में 'भूपेंद्र' ने सभाली कमान



**अहमदाबाद।** गुजरात विधानसभा चुनाव में 156 सीटों की ऐतिहासिक जीत के बाद भाजपा के भूपेंद्र पटेल मंत्रिमंडल ने सोमवार को गांधीनगर स्थित हेलीपैड ग्राउंड में शपथ ग्रहण किया। उनके साथ 6 कैबिनेट मंत्री, 2 स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री और 8 राज्य मंत्रियों ने शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह समेत कई राज्यों के मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री शामिल हुए। शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने सबसे पहले बतौर मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल को शपथ दिलायी। उनके बाद 6 कैबिनेट मंत्री कन्नू देसाई, ऋषिकेश पटेल, राघवजी पटेल, बलवंत सिंह राजपूत, कुंवरजी बावलिया, मुलू भाई बेरा, भानूबेन बाबलिया, कुबेर डिंडोर को शपथ दिलाई। दो स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्रियों में हर्ष संघवी और जगदीश विश्वकर्मा ने शपथ ली। अन्य 6 राज्य मंत्रियों मुकेश पटेल, परसोत्तम सोलंकी, बच्चों भाई खाबड़, प्रफुल्ल



पानसेरिया, कुंवरजी हलपति और भी भीखूसिंह परमार ने शपथ ली।

**पीएम ने मंच पर झुककर लोगों को प्रणाम किया:** शपथ के बाद प्रधानमंत्री ने मंच पर झुककर लोगों को प्रणाम किया। इसके बाद भूपेंद्र पटेल के मंत्रिमंडल से मुलाकात कर उनके साथ फोटो खिंचाया। चलते समय उन्होंने पूर्व सीम विजय रूपाणी से बात की। समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा शासित राज्यों के सीएम भी मौजूद थे। 200 संत भी शपथ ग्रहण कार्यक्रम का हिस्सा बने।

**गुजरात में भाजपा का 156 सीटें जीतने का नया रिकॉर्ड:** गुजरात में भाजपा ने 182 विधानसभा सीटों में से 156 सीटों के साथ जीत का नया रिकॉर्ड बनाया है। कांग्रेस ने 1985 में माधव सिंह सोलंकी की अगुआई में 149 विधानसभा सीटें जीती थीं। वहीं, नरेंद्र मोदी के उट रहते भाजपा ने 2002 के चुनाव में 127 सीटें जीती थीं। इस जीत के साथ भाजपा ने दोनों रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं।

### भूपेंद्र की कैबिनेट में हार्दिक को जगह नहीं

**गुजरात** के 18वें मुख्यमंत्री बनने वाले पटेल पाटीदार समुदाय से इकलौते नेता हैं, जो लगातार दूसरी बार सीएम बन रहे हैं। उन्हें 15 महीने पहले विजय रुपाणी की जगह गुजरात की जिम्मेदारी दी गई थी। भूपेंद्र पटेल की कैबिनेट में हार्दिक पटेल को जगह नहीं मिली। हालांकि पटेल ने सुबह कहा था कि पार्टी डिसाइड करेगी कि वे कैबिनेट में रहूंगा या नहीं। जो भी जिम्मेदारी मिलेगी, वे उसका निर्वहन करेंगे।

गुजरात में पाटीदार कम्युनिटी का दबदबा: राज्य में पाटीदार कम्युनिटी का दबदबा है। 12-14% आबादी के बावजूद पाटीदार 61 सीटों पर प्रभावी है। इनमें 55 सीटें भाजपा जीती है।

मोदी शपथ के एक दिन पहले भी अहमदाबाद पहुंचे: चुनाव से पहले गुजरात में लगातार सभाएं करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पटेल की शपथ से एक दिन पहले अहमदाबाद पहुंचे। वहां उन्होंने रोड शो किया। देर रात होने के बावजूद लोग मोदी के स्वागत में खड़े नजर आए। मोदी ने भी अपनी कार की रफ्तार धीमी करके लोगों का अभिवादन किया।

## कुछ लोग बढ़ती इकोनॉमी से जलते हैं: सीतारमण



**नई दिल्ली:** लोकसभा में सोमवार को देश की अर्थव्यवस्था पर तीखी बहस हुई। विपक्ष ने डॉलर के मुकाबले गिरते रुपए को लेकर सवाल किए। इस पर वित्तमंत्री ने कहा कि संसद में कुछ लोग देश की बढ़ती अर्थव्यवस्था से जलते हैं। भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है, लेकिन विपक्ष को इससे परेशानी है। कांग्रेस का सवाल- सांसद रेवनाथ रेड्डी ने प्रश्नकाल में कहा कि केंद्र को केवल सरकार बचाने की चिंता है। रुपया लगातार गिरता जा रहा है, उसकी कोई चिंता नहीं है। कांग्रेस सरकार में जब डॉलर के मुकाबले रुपया 66 रुपए था तो भाजपा कहती थी कि रुपया आईसीयू में चला गया।आईसीयू से आगे के दो रास्ते होते हैं। पहल रास्ता ठीक होकर घर आना और दूसरा आईसीयू से सीधा मचुर्री में जाना। अब तो रुपया सीधा मचुर्री में चला गया है। मैं वित्त मंत्री से पूछना चाहता हूं कि रुपया को ठीक कर-के वापस घर लाने का कोई प्लान है क्या?

### सहकारिता को जन आंदोलन बनाएगी भाजपा

**लखनऊ: भारतीय** जनता पार्टी प्रदेश में सहकारिता को जन आंदोलन बनाएगी। प्रदेश में आगामी सहकारिता चुनाव के मद्देनजर पार्टी ने गांव-गांव तक समितियों के गठन के साथ ही नए लोगों को सहकारिता से जोड़ने की योजना बनाई है। भाजपा प्रदेश मुख्यालय में सोमवार को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सहकारिता के विस्तार पर चर्चा की गई। सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने बताया कि प्रदेश के सभी गांव तक सहकारिता को पहुंचाने के लिए अभियान चलाया जाएगा।

## यूपी: जीएसटी चोरी के खिलाफ छापेमारी पर अनिश्चितकालीन रोक



**लखनऊ:** राज्यकर विभाग द्वारा चलाये जा रहे जीएसटी चोरी के खिलाफ अभियान पर अनिश्चितकालीन रोक लगा दी गई गई। सूत्रों के हवाले से प्राप्त जानकारी के अनुसार व्यापारियों के आक्रोश को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। छापेमारी के खिलाफ व्यापारी आक्रोशित हैं और प्रदर्शन कर रहे हैं। लखनऊ शहर के कई इलाकों में व्यापारियों ने विरोध में दुकानें बंद कर दी हैं। राज्यकर आयुक्त मिनिस्ती एस. के निर्देश पर जीएसटी चोरी के खिलाफ अभियान चल रहा था। इस अभियान के छठे दिन भी सभी 71 जिलों में कई कारोबारियों के यहां छापा पड़ा और उनके लेनदेन की जांच की गई। 248 टीमों द्वारा एक साथ की गई कार्रवाई में बड़े पैमाने पर कर चोरी पकड़ी जा रही थी। इसी कड़ी में छठे दिन भी 180 से अधिक व्यापारियों के यहां छापा डाल कर जांच-पड़ताल की गई।

इसके पहले, व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर छापा मारने की कार्रवाई भी जारी रही। अधिकारियों ने छठे दिन छापों में जहां 19.05 करोड़ रुपये की कर चोरी पकड़ी, वहीं तमाम व्यापारियों से 1.37 करोड़ रुपये जुमार्ना भी जमा कराया। छठे दिन माल आदि की जब्ती नहीं की गई।

## केंद्र सरकार एक साल में 10 लाख लोगों की नियुक्ति करेगी: प्रधान



**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को कहा कि केंद्र सरकार विश्वविद्यालयों तथा अन्य विभागों में खाली पदों पर भर्ती की तैयारी कर रही है। उन्होंने कहा कि एक साल के भीतर 10 लाख से ज्यादा पदों पर नियुक्ति की जाएगी।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान ने लोकसभा में एक पूरक प्रश्न के जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पिछले साल केंद्रीय विश्वविद्यालयों और केंद्रीय उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रोफेसरों, एसोसिएट प्रोफेसरों और सहायक प्रोफेसरों के लगभग 2000 रिक्त पद भरे गए हैं। उन्होंने कहा कि इन केंद्रीय विश्वविद्यालयों और संस्थानों में ऐसे लगभग 30 प्रतिशत पद खाली हैं और भर्ती के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।

## गहलोत-पायलट में हैं मतभेद: जयराम रमेश

**बूंदी/खंडार:** राजस्थान में भारत जोड़ो यात्रा के बीच कांग्रेस ने स्वीकारा है कि अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच मतभेद हैं। हालांकि, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि दोनों में कोई लड़ाई नहीं है। यात्रा के आठवें दिन सवाई माधोपुर में रमेश ने कहा कि दोनों के बीच सुलह साल 2023 के चुनावों तक जारी रहेगी। लंच ब्रेक के बाद आज की यात्रा का दूसरा फेज पिपलवाड़ा गांव से स्टार्ट हुआ। वहीं, राजस्थान में भारत जोड़ो यात्रा में महिलाओं का दिन है। कांग्रेस की प्रेस कांफ्रेस में भी लोकल महिला



लीडर नजर आईं। आज यात्रा में राहुल के साथ प्रियंका गांधी की फैमिली भी चल रही है। स्थानीय महिला नेताओं के साथ प्रियंका और उनकी बेटी मिराया बातें कर रही हैं तो एक पॉइंट पर प्रियंका ने कालबेलिया डांस भी किया। लंच ब्रेक में राहुल गांधी ने महिला संगठनों से बात की। उन्होंने उनकी परेशानियों और चुनौतियों को लेकर चर्चा की। इस दौरान मुख्यमंत्री सहित कई नेता भी मौजूद थे।

भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी के साथ केवल महिलाओं को समर्पित की गई, लेकिन भीड़ होने के चलते महिला शक्ति पदयात्रा को मिक्स कर दिया गया। वहीं, यात्रा में सचिन पायलट के समर्थक उनके कटआउट लेकर चल रहे हैं। यात्रा के दौरान पायलट के समर्थन में नारे भी लगाए गए।

## सिंधिया की दिल्ली एयरपोर्ट की सरप्राइज विजिट

### भीड़ की शिकायतों के बाद टर्मिनल-3 पर पहुंचे मंत्री; एंट्री गेट्स की संख्या बढ़ाई

**नई दिल्ली: केंद्रीय ना**गरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया यात्रियों की ओर से भीड़भाड़ की शिकायतों के बाद सोमवार को अचानक दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल 3 पहुंच गए। उन्होंने भीड़भाड़ वाले इलाकों का निरीक्षण किया। एयरपोर्ट के कर्मचारियों से बातचीत की और दिशा-निर्देश दिए। सिंधिया के कार्यालय की ओर से इसकी एक वीडियो भी जारी की गई है। निरीक्षण के बाद सिंधिया ने मीडिया से कहा- पिछले हफ्ते मैंने एक बैठक आयोजित की, जिसमें सभी स्टेक होल्डर्स मौजूद थे। कोविड प्रतिबंधों के कारण उड्डयन उद्योग को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा था। इससे उबरने के कारण एयरपोर्ट्स पर काफी भीड़ है।

**एंट्री गेट की संख्या 14 से बढ़ाकर 16 की:** उन्होंने कहा कि आज हमने एंट्री गेट की संख्या 14 से बढ़ाकर 16 कर दी है। एयरपोर्ट के अंदर अधिकारियों के साथ बैठक में फैसला लिया है कि एंट्री से पहले वेटिंग टाइम दिखाने के लिए हर एंट्री गेट पर एक बोर्ड लगाया जाना चाहिए। इससे लोगों को उस गेट तक पहुंचने में मदद मिलेगी, जहां मिनिमम वेटिंग टाइम होगा। सिंधिया ने बताया कि आज सिक्योरिटी प्रोसेस को लेकर एक और अहम फैसला लिया गया है। दिल्ली एयरपोर्ट पर वर्तमान में कुल 13 लाइनें उपयोग में हैं, जिन्हें हमने बढ़ाकर 16 कर दिया है। हम इसे 20 लाइनों के करीब लेते हुए कुछ और लाइनें जोड़ने का भी प्रयास कर रहे हैं।

**लगातार मिल रही शिकायतें:** दिल्ली एयरपोर्ट पर रविवार को कई यात्रियों को घंटों इंतजार करना पड़ा। सुरक्षा जांच से लेकर बोर्डिंग गेट तक भीड़ से यात्री परेशान हैं।

## भ्रष्टाचार खत्म करना है तो 2000 का नोट बंद करो: सुशील

**नई दिल्ली:** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और भाजपा के राज्यसभा सदस्य सुशील मोदी ने 2000 रुपए के नोट पर पाबंदी लगाने की मांग की है। राज्यसभा में सोमवार को मोदी ने कहा है कि बड़े नंबर्स के जो नोट हैं उनसे ब्लैकमनी रखने की संभावना ज्यादा होती है। ऐसे में 2000 के नोट को बंद कर देना चाहिए। राज्यसभा में सार्वजनिक महत्व के मामलों पर चर्चा के दौरान मोदी ने कहा कि 2000 रुपए के नोटों का इस्तेमाल ब्लैक मनी, आतंकी फंडिंग, ड्रग्स तस्करी और जमाखोरी करने के लिए किया जा रहा है। अगर ब्लैकमनी को रोकना है, तो 2000 रुपए के नोट को बंद करना होगा। 2000 रुपए के नोट के सकुर्लेशन का अब कोई औचित्य नहीं है। मोदी ने कहा कि यदि हम अमेरिका, चीन, जर्मनी, जापान




जैसी प्रमुख विकसित इकोनॉमिज को देखें, तो उनके पास 100 से ऊपर की कोई करेंसी नहीं है। इसलिए केंद्र सरकार को इस पर विचार करना चाहिए और इसे धीरे-धीरे बैन करना चाहिए ताकि लोगों को 2000 रुपए के नोट को बदलने के लिए मिल सके।

**रिजर्व बैंक छापना बंद कर चुका है:** बताते चलें कि रिजर्व बैंक 2000 रुपए के नोट छापना बंद कर चुका है। धीरे-धीरे बाजार में भी 2000 के नोट दिखने बंद हो गए हैं। सुशील मोदी ने इस मामले को उठाकर यह भी संकेत दिए कि आने वाले समय में केंद्र सरकार 2000 के नोट पर पाबंदी लगा सकती है। मालूम हो कि सुशील मोदी हैं ने कुछ समय पहले संसद में सांसदों के केंद्रीय विद्यालय के कोटा को समाप्त करने की मांग उठाई थी और बाद में केंद्र सरकार ने सभी लोकसभा राज्यसभा सदस्यों के केंद्रीय विद्यालय के कोटे को समाप्त कर दिया था।

**2016 में की गई थी नोटबंदी:** 8 नवंबर 2016 को मोदी सरकार ने नोटबंदी की थी जिसमें, 500 और 1000 के नोट के प्रचलन पर पाबंदी लगा दी गई थी। उसके बाद 500 के और 2000 के नए नोट को लाया गया था लेकिन, धीरे-धीरे बाजार में 2000 रुपए के नोट दिखाई देना बंद हो गए।

### नए ड्रोन 48 घंटे तक लगातार उड़कर मिशन को अंजाम देने में सक्षम

## पूर्वी लद्दाख में तैनात होगा नई ड्रोन यूनिट

**नई दिल्ली:** चीन के साथ चल रहे सैन्य गतिरोध के बीच भारत वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर अपनी निगरानी बढ़ा रहा है। पूर्वी लद्दाख सेक्टर और सिक्किम के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों में चीनी सैन्य गतिविधियों पर नजर रखने के लिए उन्नत निगरानी क्षमताओं और लंबे समय तक टिके रहने वाले नए ड्रोन तैनात किए जा रहे हैं। यह ड्रोन लगातार 48 घंटे तक उड़कर मिशन को अंजाम देने में सक्षम हैं। रक्षा सूत्रों के हवाले से पता चला है कि पूर्वी लद्दाख सेक्टर और सिक्किम के साथ-साथ इसके आसपास के क्षेत्रों में चीनी सैन्य गतिविधियों पर नजर रखने के लिए उन्नत निगरानी क्षमताओं और



लंबे समय तक टिके रहने वाले नए ड्रोन तैनात किए जा रहे हैं। ड्रोन की एक स्क्वाड्रन पूर्वी लद्दाख सेक्टर के करीब और दूसरी पूर्व में चिकन नेक सेक्टर के करीब तैनात किये जाने की योजना है। भारतीय सेना ने इन ड्रोन को उपग्रह संचार के साथ लिंक किया है और इनके सेंसर कहीं अधिक उन्नत हैं। भारतीय सेना पूर्वी लद्दाख से लेकर अरुणाचल प्रदेश क्षेत्र तक एलएसी के पार चीनी सैन्य गतिविधियों पर कड़ी नजर रख रही है। 2020 में गलवान घाटी के हिंसक संघर्ष के बाद भारत ने पूर्वी लद्दाख में चीनियों के मुकाबले लगातार अपनी क्षमताओं को कई गुना बढ़ा लिया है। नए ड्रोन यूनिट की तैनाती इसी रणनीति का एक हिस्सा हैं। यह ड्रोन मारक क्षमताओं से लैस नहीं हैं, लेकिन उनके पास उन मानकों पर अपग्रेड किए जाने का विकल्प है।

## दिल्ली में कड़ाके की सर्दी का इंतजार

**नई दिल्ली:** देश में सर्दी दस्तक दे चुकी है। कश्मीर और हिमाचल समेत ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी के बाद पारा शून्य से नीचे पहुंच गया है। इसके कारण मैदानी इलाकों में भी तापमान गिरा है। हालांकि दिल्ली में अभी कड़ाके की सर्दी का इंतजार है। वहीं, मुंबई में हल्की बारिश के बाद मौसम सुहाना हो गया है। बाकी मैदानी इलाकों की बात करें, तो राजस्थान के चुरू में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री तक पहुंच गया है। वहीं, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा में भी पारा गिरा है। चक्रवात मैंडूस के बाद दक्षिण के राज्यों में भी मौसम बदला है। कर्नाटक, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में कई जगह बारिश हो रही है।

**हिमाचल में बर्फबारी का लुत्फ उठा रहे पर्यटक:** हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में पिछले कुछ दिनों से लगातार बर्फबारी जारी है। पारा लगातार गिरता जा रहा है, जिससे ठंड बढ़ गई है। अन्य राज्यों के पर्यटक यहां पहुंच कर मौसम का लुत्फ उठा रहे हैं। हिमाचल और उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य से -3.0 डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले हफ्ते से ठंड और बढ़ने के आसार हैं।

**श्रीनगर में तापमान माइनस 1.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज:** जम्मू-कश्मीर में लगातार बर्फबारी के कारण पारा माइनस में बना हुआ है। सुबह के समय मैदानी इलाकों में धुंध देखने को मिल रही है। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान माइनस 1.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बर्फबारी के कारण शोपियां को राजौरी और पुंछ से जोड़ने वाले मुगल रोड पर शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन यातायात बंद रहा। वहीं, जम्मू के नत्थाटॉप में भी हल्की बर्फबारी के बाद ठंड बढ़ गई है।

**राजस्थान में चुरू सबसे ठंडी जगह, पारा 5 डिग्री पहुंचा:** राजस्थान में चुरू में सबसे ज्यादा ठंड पड़ रही है।

# जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने सामान्य निर्वाचन नगरी निकाय सकुशल ढंग से संपन्न कराने हेतु अधिकारियों के साथ किए बैठक

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में सोमवार को संगम सभागार में सामान्य निर्वाचन नगरीय निकाय को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु प्रभारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी प्रभारी/सहायक प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि जिन अधिकारियों को जो दायित्व सौंपे गये है, उनको समय से पूर्ण करते हुए निर्वाचन कार्य को सकुशल ढंग से सम्पादित किए जाने हेतु कहा है। उन्होंने उपजिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी एवं अपर नगर मजिस्टेटों को अपने-अपने क्षेत्रों में बनाये गये मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर सभी आवश्यक व्यवस्थायें समय से सुनिश्चित किए जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने मतदान केन्द्रों पर बिजली, पानी, फर्नीचर सहित अन्य आवश्यक आवश्यकताओं की व्यवस्था समय से सुनिश्चित करने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने कामिंकों की ड्यूटी, यातायात तथा रूट चार्ट, शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था, शिकायत एवं आदर्श आचार संहिता के अनुपालन सम्बंधी व्यवस्था, टेण्ट, बैरिकेटिंग एवं विद्युत सम्बंधी व्यवस्था, कम्यूनिकेशन प्लान सम्बंधी व्यवस्था, वीडियोग्राफी एवं सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्था, साफ-सफाई सम्बंधी व्यवस्था एवं चिकित्सा सम्बंधी व्यवस्था हेतु सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां समय से सुनिश्चित करने के लिए कहा है। उन्होंने मतदान कामिंकों का अच्छे ढंग से प्रशिक्षण कराये जाने एवं मास्टर टेनरों का भी प्रशिक्षण कराये जाने के लिए कहा है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि, एडीएम वित्त एवं राजस्व जगदम्बा सिंह सहित सभी नोडल अधिकारी एवं पुलिस तथा प्रशासनिक अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## अपनी मांगों को लेकर बेसिक हेल्थ वर्करों ने सीएमओ कार्यालय पर रक्खा उपवास

**करछना।** बेसिक हेल्थ वर्कर एसोसिएशन एवं मातृ शिशु महिला कल्याण कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश लखनऊ के संयुक्त आवाहन पर पांच एवं सात सूत्रीय मांगों के समर्थन में जनपद शाखा प्रयागराज द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रयागराज कार्यालय पर स्वास्थ्य पर्यवेक्षक पुरुष एवं महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता पुरुष एवं महिला द्वारा संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के तस्वीर के सामने उपवास किया गया ।जिसमें मुख्य मांग एक ही पद के दो वेतनमान जिन स्वास्थ्य कार्यकर्ता पुरुष /महिला की नियुक्ति नवंबर 2000 पूर्व की है उन्हें वेतन ग्रेड 2800 दिया गया है एवं नवंबर 2011 के बाद के नियुक्त स्वास्थ्य कार्यकर्ता पुरुष एवं महिला को उसी पद हेतु उसी कार्य के लिए 2000 का ग्रेड वेतन दिया जा रहा है इसके संबंध में महानिदेशक परिवार कल्याण स्तर से शासन को प्रस्ताव भेजा गया लेकिन सरकार ने कोई सुनवाई आज तक नहीं की ।समस्त स्वास्थ्य पर्यवेक्षक पुरुष महिला एवं समस्त कार्यकर्ता पुरुष /महिला उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री के आवास पर मुख्यमंत्री की योगी आदित्यनाथ की फोटो रखकर उपवास करेंगे और अपनी समस्याओं के समाधान का अनुरोध करेंगे।

# फूलपुर में विधुत विभाग ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

## विधुत बकाए पर कटी दर्जनों घरों की विजली

**अखंड भारत संदेश**



**फूलपुर।** बकाए विधुत बिल को जमा कराने तथा विधुत चोरी को रोकने के उद्देश्य से सोमवार को फूलपुर विधुत उपकेंद्र के एसडीओ प्रांजल मिश्रा ने विधुत कर्मियों के साथ फूलपुर के विभिन्न मोहल्लों में जाकर विधुत संयोजनों की जांच की। मौके पर 65 विधुत कनेक्शन को चेक किया गया जिसमें विधुत का बिल न जमा करने वाले दर्जनों बकाएदारों के घरों की विजली काटी गई।

वहीं अनियमितता के चलते चार उपभोक्ताओं के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा भी पंजीकृत कराया गया। इस दौरान विधुत विभाग को छः लाख चालीस हजार रुपए की राजस्व प्राप्ति भी हुई। उपखंड अधिकारी प्रांजल मिश्रा ने समय से बिल का भुगतान करने की अपील करते हुए कहा कि उपभोक्ता समय से बिल जमा कर विधुत अधिभार से बच सकते हैं। उन्होने कहा कि उपभोक्ताओं की विधुत से सम्बन्धित समस्या का त्वरित निस्तारण होता है। इसलिए किसी भी समस्या पर तुरंत सम्पर्क करें। उन्होंने बताया कि विधुत विच्छेदन के बाद बिना बकाया जमा करें अगर कोई उपभोक्ता विधुत कनेक्शन को जोड़ लेता है तो उसके खिलाफ विधुत अधिनियम की धाराओं में संख्त कार्रवाई की जाएगी। मौके पर विधुत विभाग के कर्मचारियों के साथ ही अन्य विधुत उपभोक्ता मौजूद रहे।

## सरदार पटेल महासभा की हुई बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** सरदार पटेल महासभा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों की एक बैठक रविवार को सहसों के मलाका मय भैसाही में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए महासभा के संरक्षक रामचंद्र पटेल निराला ने उपस्थित कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों को संबोधित करते



हुए 15 दिसंबर को मंशी खुर्द बाबूगंज में आयोजित होने वाले लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि कार्यक्रम पर विचार विमर्श करते हुए रणनीति बनाई गई। बैठक का संचालन एडवोकेट्स गोविंद बल्लभ भाई पटेल ने किया। इस मौके पर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डी एस पटेल, राष्ट्रीय महासचिव महेश पटेल, प्रदेश अध्यक्ष शांति प्रकाश पटेल, प्रदेश अध्यक्ष महिला मंच श्रीमती आशा पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष संगठा प्रसाद पटेल, आर के पटेल, आर एस पटेल, बजरंग बहादुर पटेल, जंग बहादुर पटेल, राम प्रकाश पटेल, अजीत पटेल आदि रहे।



# सांसद ने नवनिर्मित पंचायत भवन का किया लोकार्पण

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा रोड।** सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने सोमवार को धर्मपुरा गांव में बने नवनिर्मित पंचायत भवन का लोकार्पण किया। सांसद ने कहा कि राज्य सरकार जनहित में कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। जिसके चलते विकास में तेजी आई है।

पंचायत भवन बनने से जहां लोगों को सहुलियत मिलेगी वहीं गांवों में भी विकास का खाका तैयार होगा। आगे कहा कि बड़ी संख्या में पंचायत भवन व सामुदायिक शौचालय का निर्माण पूरा हुआ है। पंचायत भवन का उद्घाटन करते हुए सांसद ने प्रधान रेखा मिश्रा की जमकर तारीफ किया कहा कि योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचे। सरकार गांव, गरीब, किसान के लिये अनेक योजनाएं चला रही है योजनाओं का लाभ गांव के अंतिम छोर में खड़े लोगों तक पहुंच रहा यह ग्राम प्रधान की कार्यशैली से देखने को मिल रहा। कार्यक्रम का संचालन प्रधान प्रतिनिधि विनोद मिश्रा ने किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक करछना आनंद कुमार पांडे,पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रेम शंकर शुक्ला, वरिष्ठ भाजपा नेता जय शंकर पांडे, राजू शुक्ला, आशीष मिश्रा, अमरेश तिवारी, बाबा ओझा, तपस्वी तिवारी सहित आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रधान प्रतिनिधि ने आए हुए आगंतुकों का आभार प्रकट किया।

# भगवती जागरण में भजन सुनकर श्रोता हुए भाव विभोर

**अखंड भारत संदेश**



**सहसों।** क्षेत्र के तिवारीपुर गांव स्थित मां दुर्गा मंदिर प्रांगण में रविवार को सायंकाल मां जगदंबा का भगवती जागरण ग्राम प्रधान बाल गोविंद तिवारी के संयोजन में किया गया। भगवती जागरण का शुभारंभ ग्राम प्रधान बाल गोविंद तिवारी ने सपत्नीक जगत जननी मां दुर्गा की विधि विधान से पूजा अर्चना एवं भव्य आरती उतार कर किया गया। ततपश्चात भगवती जागरण में मां वैभव भजन मंडल के कलाकारों द्वारा भगवान श्री गणेश एवं वीणा वादिनी मां सरस्वती की वंदना से सुंदर-सुंदर भजनों की प्रस्तुत की गई। भगवती जागरण पंडाल में उपस्थित भक्त श्रोताओं को आनंदित करते हुए कलाकार रिंकी केसरवानी ने मां की आराधना के पश्चात सुंदर सा भजन ,, प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी,, की प्रस्तुति से भक्त श्रोता नर नारी भावविभोर हो गए तथा माता जी के जयकारे से पूरा पंडाल गुंजायमान हो उठा। तत्पश्चात कलाकार प्राची उद्धम तथा रवि शुक्ला ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के बीच बीच में विभिन्न प्रकार की झांकियां भक्ति गीतों पर कलाकारों द्वारा प्रस्तुति की गई। जिस पर श्रोताओं ने तालियां बजाकर मां का जय जयकार करते रहे। इस अवसर पर पूर्व विधान परिषद सदस्य वासुदेव यादव, प्रधान संघ के अध्यक्ष बृजेश कुमार पांडे, प्रमोद त्रिपाठी आजाद, रविंद्र शास्त्री, ग्राम प्रधान सुभाष चंद्र मिश्रा, ग्राम प्रधान लवलेश मिश्रा, मनीष चंद्र मिश्रा, बाबा चौरसिया, संतोष शुक्ला, धर्मेंद्र यादव, संतोष भारतीय, सुभाष पटेल, जय कृष्ण पांडे, चिंतामणि शुक्ला, अधिवक्ता सृष्टि नाथ तिवारी, विश्वंभर तिवारी, अवधेश तिवारी, अंकित तिवारी, अधिवक्ता विजेंद्र मिश्रा, अनिल कुमार पांडे सहित भारी संख्या में लोगों ने देर रात तक मां भगवती जागरण में सुंदर-सुंदर भजनों के साथ आनंदित होते रहे।

# बीहड़ व बंजर जमीनों को सुधारने का काम कर रही सरकारः राजमणि कोल

## किसान समृद्धि योजना से कराए गए कार्यों का विधायक ने किया लोकार्पण

**अखंड भारत संदेश**



**रत्योरा/प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार बंजर व बीहड़ जमीनों को सुधारने का काम कर रही है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना के द्वारा किसानों की बीहड़ व बंजर भूमि कृषि विभाग के द्वारा कृषि योग्य बनाई जा रही है।

यह बातें विधानसभा कोरांव के कल्याणपुर ककराही पिपरांव गांव में किसान समृद्धि योजना के द्वारा कराए गए विकास कार्यों का लोकार्पण करने के दौरान विधायक राजमणि कोल ने बतौर मुख्य अतिथि कही। विधायक राजमणि कोल ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है, जो जमीने कृषि योग्य नहीं थी उन्हें कृषि योग्य बनाया जा रहा है। जिससे किसानों को काफी सहूलियतें मिल रही हैं। विधायक ने भूमि संरक्षण विभाग द्वारा कराए गए कार्यों का अवलोकन किया तथा किसानों के लिए कई उपयोगी योजनाओं पर चर्चा कर लाभान्वित करने पर विचार भी किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुकेश कुमार कोल ब्लाक प्रमुख, विनोद कुमार उप कृषि निदेशक, भूमि संरक्षण अधिकारी गौरव प्रकाश, निरीक्षक घनानंद यादव, सत्य प्रकाश जी, सूर्यपाल सिंह ग्राम प्रधान, विमल नारायण तिवारी, पी आर ओ रामाश्रय शुक्ला, संजय सिंह सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।

# मेला स्थल की साफ सफाई को लेकर प्रमुख से मिले विनायक

**अखंड भारत संदेश**



**करछना।** क्षेत्र के कुशगढ़ स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में पूसी तेरस पर्व पर प्रति वर्ष दो दिवसीय विशाल मेला लगता है ।मेला परिसर में व्यापत गन्दगी और खरपतवारों के चलते लोगों को असुविधा होती है। इसे लेकर सोमवार को मां सेवा संस्थान रोकड़ी के अध्यक्ष विनायक ने करछना प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी से मुलाकात कर लिखित रूप से समस्याओं से अवगत कराया। संस्थान के लोगों ने बताया कि काफी दिनों से परिसर में जगह जगह कंटीली झाड़ियां उगआई हैं और कूड़े करकट से आगामी मेले में श्रद्धालुओं को बड़ी दिक्कत उठानी पड़ेगी। विषय को गम्भीरता से लेते हुए प्रमुख ने विभागीय कर्मचारियों को निर्देश देते हुए मेले से पूर्व साफ सफाई के लिए आदेश दिए। संस्थान के द्वारा इस सराहनीय कदम की स्थानीय लोगों ने सराहना की है।

# महाकवि सुब्रमण्यम भारती का जन्म दिवस 'भारतीय भाषा दिवस' के रूप मे मनाया गया

**अखंड भारत संदेश**



**जंघई।** आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम की श्रृंखला में 11 दिसंबर को नागरिक पी जी कॉलेज जंघई में हिन्दी विभाग द्वारा दक्षिण एवं उत्तर भारत की भाषाई एकता के आधार स्तंभ साहित्य शिरोमणि तामिल महाकवि सुब्रमण्यम भारती के जन्म दिवस 11 दिसंबर को महाविद्यालय में 'भारतीय भाषा दिवस' के रूप मे मनाया गया ।इस अवसर पर आयोजित भारतीय भाषा उत्सव में भाषण, गायन आदि कार्यक्रम संपन्न हुए।

हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ ज्ञान प्रकाश द्विवेदी ने भारती जी के जीवन और व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि भारती जी एक समग्र व्यक्तित्व के धनी थे जिसमे साहित्य की मर्मज्ञता देश की स्वाधीनता के लिए संघर्ष का पथ एवं निर्भीक पत्रकारिता तथा दक्षिण-उत्तर की भावना के स्थान पर एक भारत का सपना सजोया उपस्थित छात्र, छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाषा युग एवं युग धर्म की संवाहक होती है भारत की प्रत्येक भाषा का अपना जीवन क्रम है और देश की राष्ट्रीय आत्मा के मूल स्वरुप का बोध अधिकाधिक भाषाओं के ज्ञान और प्रत्येक भाषा के लिए सम्मान से ही संभव है। चारा चरा के अनेक सूत्रों को मौन संकेत और ध्यान की भाषा से समझाया जा सकता है। डॉ गंगेश दीक्षित ने कहा कि रंग- रूप, वेश -भूषा इत्यादि भिन्न-भिन्न होने के बावजूद भारतीय भाषाओं के ज्ञान के साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अंग्रेजी भाषा का ज्ञान वैश्विक स्थिति में महत्त्वपूर्ण स्थान प्राप्त करने के लिए भी अनिवार्य है। हिन्दी विभाग की डॉ ममता यादव ने संस्कृत भाषा के साथ-साथ जर्मन चीनी आदि अन्य भाषाओं के लिए पाठ्यक्रम निर्मित करने एवं लागू करने पर बल दिया। जिससे की वैश्विक क्षितिज पर भारत सशक्त नेतृत्व कर सके। कुलदीप सोनी ने भाषा को चिंतन प्रक्रिया का सूचक और कहा कि भारतीय संस्कृतिक मूल्य स्थानीय भाषाओं में ही सुरक्षित है। विकास यादव ने मातृ भाषा को एक संपूर्ण राष्ट्र का अनिवार्य तत्व बताते हुए कहा कि देश की समस्त भाषाओं में परिचारिक सामंजस्य का होना देश के विकास में अत्यंत प्रभावी होगा। सुनील कुमार ने क्षेत्रीय बोलियों और ज्ञान के साथ-साथ विलुप्त होती भाषाओं के संरक्षण एवं विकास पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ रत्नेश शुक्ल ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापित कार्यक्रम संयोजक विभागाध्यक्ष डॉ ज्ञान प्रकाश द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम में कुल 105 छात्राएं एवं 65 छात्रों ने प्रतिभाग किया।

## ट्राली को भड़रा ट्राली वर्कशाप से पकड़ पुलिस को सौंपा तो चोरों ने ट्रैक्टर को नए पुल पर छोड़ भागे

**घूरपुर।** चोरी की गई ट्रैक्टर को ट्रैक्टर स्वामी ने नैनी स्थित भड़रा ट्राली वर्क शाप से पकड़ पुलिस को सौंपा तो पुलिस की पकड़ के डर से चोरों ने नैनी नए पुल पर छोड़ भाग निकले परिचित की सूचना पर ट्रैक्टर स्वामी पहुंच पुलिस को सूचना दी जिस पर पुलिस ने पहुंच ट्रैक्टर को थाने लाकर चोरों की धरपकड़ में लग है। विगत 25नवंबर की रात घूरपुर के बादलगंज गांव निवासी भाजपा वरिष्ठ नेता रमाकांत विश्वकर्मा के घर के दरवाजे पर से खड़े ट्रैक्टर ट्राली को चोरों ने पार कर दिया था। इरादतगंज हवाई पट्टी की ओर जाते सीसी टीवी फुटेज में भी दिखी। पुलिस ने अज्ञात में मुकदमा भी दर्ज किया। लेकिन एक पखवाड़े बाद भी पुलिस कोई सुराग न लगा पाई। भाजपा नेता के भतीजे मनोज कुमार लगातार दिन रात खोजबीन करता रहा और उसकी मेहनत रंग लाई खोजबीन के दौरान शुक्रवार की सांयकाल को नैनी के भड़रा हाईवे स्थित राजू ट्राली वर्कशाप पहुंचा तो वहा चोरी की गई ट्राली का दूसरे रंग से पेंट कर पहचान छिपाने का प्रयास किया गया था।

# नई उचित दर की दुकान न चयन होने से जनाक्रोश

## काफी समय से निलंबित है दुकान,निरस्त कर नई दुकान के चयन की मांग

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव/प्रयागराज।** तहसील कोरांव में स्थित ग्राम पंचायत अल्हवा की उचित दर विक्रेता की निलंबित दुकान का निरस्तीकरण न होने से कार्ड धारकों में आक्रोश है। उल्लेखनीय है कि अलहवा ग्राम की दुकान कोटेदार की मनमानी, काला बाजारी,फिंगर लगवा कर खाद्यान्न न दिए जाने कार्ड धारकों को उल्टा तरह तरह की धमकियां दिए जाने की शिकायत कार्ड धारकों ने आजीज आकर तहसील कोराव में धरना प्रदर्शन किया गया था। जिस पर तत्कालीन एसडीएम कोरांव ने ग्रामीणों की मांग और आपूर्ति विभाग से जांच न करा कर अन्य अधिकारी से जांच गांव में जा कर किए जाने की मांग की थी। जिस पर तत्कालीन उप जिलाधिकारी कोरांव में खंड विकास अधिकारी कोरांव मुकेश कुमार सिंह तथा आपूर्ति अधिकारी कोरांव संजय विश्वकर्मा की टीम गठित कर जांच आख्या मांगी थी। जिस क्रम में टीम ने ग्राम सभा में सचिवालय भवन अल्हवा पर खुली सभा में कार्ड धारकों के बयान साक्ष्य कोटेदार के सामने लिए थे। और विधिवत जांच की थी। और जांच आख्या एसडीएम को सुपुर्द की




थी। जिस आधार पर तत्कालीन एसडीएम ने डीएम से अनुमति ले कर तीन बार आरोप पत्र के जवाब न मिलने पर निलंबित कर दिया था। और दुकान बगल गांव के सरकारी दुकान से संबद्ध कर उपभोक्ताओं को आपूर्ति सुनिश्चित कराई जा रही है।

बता दें कि एसडीएम ने तीन बार गंभीर आरोपों की समुचित जवाब न देने पर अब दुकान निरस्त की जानी है। किंतु अभी तक निरस्तीकरण नहीं हुई। जिससे ग्रामीणों कार्ड धारकों में गहरा आक्रोश है। और न ही नई दुकान का चायन हो पा रहा है। इस संबंध में ग्राम के कार्ड धारकों ने बताया कि निलंबित कोटेदार धमकी दे रहा है कि चांदी का जूता जहां मारूंगा मेरी दुकन बहाल हो जायेगी। क्योंकि दो दो बार पैसे के बल पर ही निलंबित होते होते मात्र सासन के पक्ष में अनुबंध जब्त करा चुका हूं और बच जाता हूं। ज्ञात हो कि उक्त कोटेदार के विरुध थाना कोरांव में खाद्यान्न काला बाजारी करते समय रंगे हांथ पकड़ा गया था और जेल गया था। जमानत पर छुटा है केस सक्षम न्यायालय में चल रहा है। इसके बावजूद सक्षम अधिकारी ऐसे भ्रष्ट कोटेदार को बचाया जाना निंदनीय है।

ग्रामीणों कार्डधारकों ने चेतावनी जिलापूर्ति अधिकारी को इस समाचार के माध्यम से दी है की उक्त दुकान निरस्त कर नई दुकान के चयन की तिथि नहीं घोषित की जाती तो सम्पूर्ण समाधान दिवस कोरांव पर पूरे कार्ड धारक धरना तहसील मुख्यालय पर देंगे और जिलाधिकारी प्रयागराज के आवास पर दिनांक 24 दिसंबर को ट्रैक्टर आदि साधनों से पहुंच कर धरना देंगे।

# नवाबगंज में युवक की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** नवाबगंज के दिलावलपुर बगिया गांव में दिन दहाड़े एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। घायल को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। नवाबगंज के दिलावलपुर गांव में खेत में बकरी जाने को लेकर तीन दिन पहले गांव के कुछ लोगों से तारिक का विवाद हुआ था। इसको लेकर गांव में दो पक्षों में सोमवार की सुबह जमकर मारपीट हो गई। लाठी और डंडे से लैस होकर दोनों पक्ष के लोग एक दूसरे पर हमलावर हो गए। इसी दौरान गोली लगने से तारिक नामक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरे पक्ष का नावेद भी गोली लगने से घायल हो गया।इसके साथ ही आधा दर्जन से अधिक लोग लाठी-डंडे से मारपीट में घायल हो गए। घटना के चलते गांव में तनाव फैल गया। सूचना पाकर कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। बताया जाता है कि तारिक मुंबई में रहकर टैक्सी चलाता था। कुछ दिन पहले ही वह गांव आया था।

## कल विवाह बंधन में बंधेगे 45 जोड़े

**हनुमानगंज।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित सामूहिक शादी-विवाह योजना के तहत बहादुरपुर विकास खंड परिसर में 45 जोड़े एक ही दिन विवाह बंधन में बधेंगे। बहादुरपुर व सहसो विकास खंड के 45 लाभार्थियों का आवेदन स्वीकार किया गया है। शासन ने सामूहिक विवाह योजना की तिथि 14 दिसंबर तय की है। मुख्यमंत्री सामाजिक विवाह योजना के अंतर्गत बहादुरपुर, सहसो विकास खंड के लाभार्थियों के लिए बुधवार को सामूहिक विवाह का आयोजना कार्यक्रम का आयोजन बहादुरपुर विकासखंड परिसर में किया गया है। जहा बहादुरपुर के 35 व सरसो के 10 लाभार्थी विवाह बंधन में बंधगे। खंड विकास अधिकारी बहादुरपुर मनोज सिंह ने बताया कि सामूहिक विवाह योजना कार्यक्रम की तैयारी पूरी हो गई है।

# मऊआइमा को पुनः की भांति सोरांव सर्किल से जोड़ने की मांग अधिवक्ताओं ने उठाई

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** उच्च न्यायालय जिला न्यायालय सोरांव तहसील के अधिवक्ता इंटरनेशनल एडवोकेटस काउंसिल की तरफ से मऊआइमा थाने चौराहे पर एक बैठक कर अपनी अपनी राय रखी। कि मऊआइमा थाना जो पूरी तरह से ग्रामीण क्षेत्र में है ।उसे सोरांव सर्किल में रखने की मांग अधिवक्तागणों ने की है। मिली जानकारी। के अनुसार मऊआइमा थाने को सोरांव सर्किल से हटाकर फूलपुर सर्किल से जोड़ा गया है । इससे ग्राम वासियों को शिकायत और न्याय के लिए अपर पुलिस अधिकारी से करने के लिए फूलपुर जाने में बडी मुश्किलों का सामना करना पड रहा है। अधिवक्ताओं के कथानुसार पुलिस आयुक्त प्रयागराज तक पहुंचना आसान होगा मगर अपर पुलिस अधिकारी फूलपुर जाना बहुत मुश्किल होगा। क्योंकि फूलपुर के लिए सीधा मऊआइमा से कोई साधन नही है। मऊआइमा के पीडित सोरांव होकर या प्रयागराज होकर फूलपुर पहुंच पाएंगे। अगर किसी ग्रामीणों कोई काम हुआ तो पूरा दिन फूलपुर आने जाने में खराब हो जाएगा ।फिर न्याय सस्ता व सुलभ की बात बेईमानी हो जायेगी।अधिवक्ताओं ने पुलिस आयुक्त को शिकायतीपत्र देकर पूर्व की भांति मऊआइमा थाने को सोरांव सर्किल से जोड़ने की मांग की है। जिसमें सभी अधिवक्ता गण मौजूद रहे । और सभी ने अपनी सहमति दी। इस बैठक में मुख्य रूप से मोहम्मद बिलाल ,रिजवान फारुकी, ख्वाजा शमशाद,अक्षय उपाध्या महेश वर्मा ,मोहम्मद इमरान , अभिषेक मिश्रा श्याम मोहन,इरफान अहमद, उमैर महमूद, रियाज उद्दीन,आर, पी ,यादव जिया उद्दीन ,मोहम्मद इरफान, जावेद अहमद ,इन्द्र देव सरोज ,बृजेश पटेल ,आदि मौजूद रहे।



# किसान की बेटी बनी सप्लाई इंस्पेक्टर लोगों ने दी बधाई



**अखंड भारत संदेश**


**रत्योरा/प्रयागराज।** कोरांव तहसील क्षेत्र के बसहा बड़ोखर गांव की रहने वाली किसान की बेटी सुषमा सिंह पुत्री रामनारायण सिंह ने लोअर पीसीएस की परीक्षा पास कर सप्लाई इंस्पेक्टर पद पर चयनित होने पर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। सुषमा के इस सफलता पर क्षेत्रीय लोगों बधाई दी है। सुषमा इसके पूर्व यूपीएसआई के लिए भी चयनित हो चुकी हैं। सोमवार को सुषमा के गांव बधाई देने वाले लोगों का तांता लग गया। भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व जिला पंचायत सदस्य ललन सिंह पटेल समेत कई अन्य गणमान्य लोगों ने पहुंचकर सुषमा को बधाई दी। सुषमा ने सेल्फी शादी कर सफलता अर्जित की है उन्होंने कहा कि अगर सच्ची लगन और मेहनत कर पढ़ाई की जाए तो कोई भी लक्ष्य अधूरा नहीं रह सकता। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता एवं परिवार के लोगों को दिया उन्होंने कहा कि परिवार के लोगों ने हमारा भारत सहयोग किया जिससे मैं आज यहां तक पहुंची हूं। सप्लाई इंस्पेक्टर बनी सुषमा सिंह के बड़े भाई सिंचाई विभाग में कनिष्ठ सहायक पद पर कार्यरत हैं। सुषमा को बधाई देने वाले लोगों में प्रमुख रूप से लालजी सिंह, जय सिंह, विजय सिंह, फूलचंद सिंह, पंकज सिंह, मंगलेश्वर सिंह, डॉ कमलेश सिंह, अवधेश सिंह, विंध्यवासिनी प्रसाद, अमरेंद्र सिंह, प्रमोद सिंह एडवोकेट, हीरालाल, राजेश सिंह आदि लोग शामिल रहे।

## सेल्फ स्टडी कर सुषमा ने अर्जित की सफलता

# जिलाधिकारी ने नीबी व लेडियारी मंडी समिति के क्रय केंद्र का किया निरीक्षण

### मण्डी सचिव के अनुपस्थित पाये जाने पर वेतन रोकेने का दिया निर्देश क्रय केन्द्र पर टोकन

### रजिस्टर न बनाये जाने पर मण्डी निरीक्षक से स्पष्टीकरण के निर्देश



**अखंड भारत संदेश**

**रत्योरा/प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने सोमवार को लेडियारी के नीबी तथा लेडियारी मण्डी समिति में बनाये गये धान क्रय केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय मण्डी सचिव के अनुपस्थित पाये जाने पर उनका वेतन रोके जाने तथा धान क्रय केन्द्र पर टोकन रजिस्टर न बनाये जाने पर मण्डी निरीक्षक से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने दो एफपीसी क्रय केंद्रों के द्वारा धान खरीद में लापरवाही किए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए डिप्टी आरएमओ को निर्देशित किया है कि यदि अगले तीन दिन में इनके द्वारा धान क्रय की कार्रवाई सुचारू ढंग से नहीं की गयी, तो दोनों एफपीसी को ब्लैक लिस्ट करने हेतु कार्रवाई सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने धान क्रय केन्द्र प्रभारियों को समय से टोकन जारी करने तथा उसी समय किसानों को धान खरीद हेतु तिथि का निर्धारण करते हुए अवगत कराये जाने का निर्देश दिया है। जिससे कि किसानों को अपने धान को बेचने हेतु बार-बार धान क्रय केन्द्रों पर न आना पड़े। जिलाधिकारी ने क्रय केन्द्रों पर धान क्रय की प्रगति के बारे में भी जानकारी प्राप्त करते हुए धान की गुणवत्ता एवं प्रजाति के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने किसानों के धान के मूल्य का अनिवार्य रूप से समय से भुगतान सुनिश्चित किए जाने के लिए कहा है। डीएम ने उपस्थित किसानों से धान के भुगतान की जानकारी ली। साथ ही टोकन रजिस्टर एवं क्रय पंजिका का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर डिप्टी आरएमओ, तहसीलदार अनिल वर्मा सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### पंडुवा में अंत्येष्टि स्थल व प्रतापपुर में गौशाला निर्माण के लिए विधायक ने लिखा पत्र

**अखंड भारत संदेश**

**लालापुर।** क्षेत्र के पंडुवा गांव के प्रधान दीपेश मिश्र ने बताया की अंत्येष्टि स्थल बनाए जाने के लिए व प्रतापपुर के प्रधान राम करन निषाद ने गौशाला निर्माण के लिए कई बार अधिकारियों को पत्र लिखा परंतु कोई नतीजा नहीं निकला।रविवार को बारा विधायक से मिलकर ग्रामीणों की व्यथा बताया तो विधायक बारा वाचस्पति ने पंडुवा गांव में अंत्येष्टि स्थल व प्रतापपुर गांव में गौशाला निर्माण के लिए पत्र लिखकर अधिकारियों से वार्ता किया और अस्वासन दिया की जल्द ही करवाई पूर्ण कर निर्माण कराया जाएगा।

### जूनियर हाई स्कूल में ताला काटकर हुई हजारों की चोरी

**जारी/प्रयागराज।** कॉल यारा थाना क्षेत्र के ग्रामसभा जारी के मजरा मेरठिया निश्चित जूनियर हाई स्कूल में बीती रात को चोरों ने दरवाजे की कुंडली में लगा ताला को कटर मशीन से काटकर कीमती सामान उठा ले गए । जिसकी लिखित शिकायत स्थानीय पुलिस को प्रधान बिहारी लाल जायसवाल ने किया है। उन्होंने बताया की स्कूल में रखा एलईडी टीवी बर्तन पंखा और कीमती वस्तुएं बीती रात को ताला काटकर चोर उठा ले गए। इन दिनों चोरों के हौसले बुलंद हैं जबकि थाना प्रभारी और जारी चौकी प्रभारी दोनों लोग छुट्टी पर हैं।

### नैनी नगर निगम ने चलाया अतिक्रमण अभियान

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के लेप्रोसी चौराहे से जेलरोड तक सोमवार को नगर निगम की ओर अतिक्रमण अभियान चलाया गया। इसके साथ ही टीम ने मलहरा रेलवे क्रासिंग से स्टेशन रोड तक दोनों ओर पटरी पर किए गए अतिक्रमण को हटवाया गया। नहर निगम जोन पांच के जोनल अधिकारी व प्रवर्तनदल प्रभारी के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में 18700 रुपए सम्मन वसूला गया। अभियान के चलते नैनी के व्यापारियों में अफरा तफरी का माहौल रहा। वही लोगों का आरोप है कि छोटे दुकानदार को नगर निगम निशाना बनाती है बड़े दुकानदार को छोड़ देती है।

# समाजवादी पदयात्रा में उमड़ा सपाइयों का हुजूम

## सपाइयों ने किया जगह जगह भव्य स्वागत



**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव/प्रयागराज।** देश बचाओ देश बनाओ समाजवादी पदयात्रा कार्यक्रम के तहत सपाइयों का कारवां जोकि गाजीपुर से चलकर लखनऊ के लिए रवाना हुआ है दिन सोमवार को यात्रा का 79वा दिन नगर में विश्राम के बाद नगर से लेडियारी के लिए प्रस्थान किया इस दौरान सपाइयों ने जगह-जगह पर यात्रा में शामिल पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं का फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया।यात्रा का नेतृत्व कर रहे।

अभिषेक यादव ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश में काबिज भाजपा सरकार विकास के हर मुद्दे पर पूर्ण रूप से विफल सरकार है जिसके कारण जनता त्राहि त्राहि कर रही है इसी लिए इस यात्रा के जरिए लोगो को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। यात्रा का विधानसभा कोरांव में नेतृत्व कर रहे रामदेव निडर कोल राजू चौबे और अवधनारायण तिवारी ने अपने सैकड़ों समर्थको के साथ स्वागत करते हुए संयुक्त रूप से कहा की जिस तरह आमजन में यात्रा को लेकर उत्सुकता देखी जा रही है और लोग बढ़चढ़ कर भाग ले रहे है इससे यह स्पष्ट हो गया है कि आने वाले नगर निकाय के चुनाव और लोकसभा के चुनावों में जनता अपना समर्थन अपने मत के रूप में समाजवादी पार्टी को देने जा रही है। नगर पंचायत में मेहताब खान नगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी राजेश पांडे जिला सचिव के द्वारा यात्रा के उपस्थित सभी लोगों का स्वागत जोरदार ढंग से किया गया यात्रा को नगर के सीमा तक विदा किया गया।

इस मौके पर प्रमुख रूप से राघवेंद्र यादव संदीप यादव अरुण यादव अविनाश विद्यार्थी अफजल अली प्रमोद मिश्र पयासी राष्ट्रीय सचिव छात्र सभा हरे कृष्ण यादव शहादत अली नौशाद अंसारी पवन सिंघाल पवन सोनकर दिनेश पटेल मंगला कोल हारुन अंसारी इसरार अली जीशान अली राम गोपाल सिंह श्री राम प्रजापति भागीरथी केशरी आदि लोग उपस्थित रहे।

# परदेश में ड्यूटी के दौरान युवक की मौत, लाश पहुचते घर मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**बारा।** बारा तहसील के शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के कसौटा गांव के रहने वाले एक व्यक्ति की 8 दिसम्बर की रात मुम्बई में ड्यूटी के दौरान एक्सीडेंट से मौत हो गई, जिससे पूरे घर में मातम छा गया।बता दें कि, दिवेश दुबे उर्फ पप्पू (36वर्ष) पुत्र मनी शंकर उर्फ मुन्नीलाल दुबे निवासी कसौटा,शंकरगढ़ मुंबई में रहकर मैन पावर सिक्योरिटी सर्विस कंपनी में गार्ड की नौकरी करते थे । बताया गया कि 8 तारीख की रात वह ड्यूटी में थे तभी एक ट्रक उनका एक्सीडेंट करके चला गया जिससे उनकी मौत हो गई । घटना की सूचना जैसे ही परिजनों को हुई वे मुंबई के लिए रवाना हो गए। शव का पोस्टमार्टम हो जाने के बाद उसे (एयर एम्बुलेंस) हवाई जहाज द्वारा प्रयागराज के बमरौली एयरपोर्ट लाया गया जहां से एम्बुलेंस द्वारा उनके पैतृक निवास कसौटा थाना शंकरगढ़ लाया गया। जैसे ही शव उनके गांव पहुंचा पूरा गांव शोक में डूब गया।



इलाके के लोगों का हुजूम मृतक को देखने के लिए पहुंच गया। बताते हैं कि मृतक के तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं । सबसे बड़ा लड़का ऋषभ (8 वर्ष) उससे छोटी लड़की नव्या (5 वर्ष) और सबसे छोटी लड़की है जो अभी लगभग (2वर्ष) की है। मौत की खबर सुनते ही बच्चों का रो रो कर बुरा हाल है। वहीं मृतक की पत्नी सुधा रोते रोते बेसुध हो जाती है। बताया गया कि मृतक के बड़े भाई दिनेश दुबे जो गांव में ही रहकर पिता मनी शंकर के साथ किसानी का काम करते हैं। मृतक के घर की आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी नहीं थी, जिस कारण रोजी-रोटी के लिए वह मुंबई में रहकर नौकरी करके बच्चों का पालन पोषण करता था । अचानक हुई इस घटना से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। परिजनों द्वारा शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### छापेमारी एवं सर्वे से व्यापारियों में दहशत एवं आक्रोश

**जंघई।** पूरे प्रदेश में जीएसटी विभाग द्वारा ताबड़तोड़ छापेमारी एवं सर्वे से व्यापारी वर्ग दहशत एवं आक्रोश मे हैं। जीएसटी के भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा व्यापारियों का शोषण एवं उत्पीड़न चरम पर है।व्यापारियों का कहना है कि अपनी लड़ाई है स्वयं की रक्षा खुद से करनी होगी, अगर हम आज विरोध के लिए इकट्ठे नहीं होंगे तो अन्य विभागों द्वारा भी बारी बारी से उत्पीड़न शुरू होगा।अतः यह हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है कि अपनी एकता का प्रदर्शन हम सभी करें।

## हर्रो टोलप्लाजा पर अवैध वसूली की शिकायत

**अखंड भारत संदेश**

**बारा।** जनपद प्रयागराज के बारा थानांतर्गत राष्ट्रीय राजमार्गों पर दो टोलप्लाजा आते हैं।पहला चित्रकूट-प्रयागराज राजमार्ग पर उमापुर टोलप्लाजा, दूसरा रीवा-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर हर्रो (गन्ने) टोलप्लाजा। सबसे अहम बात यह है कि आये दिन दोनों टोलप्लाजा ओवरलोडिंग पर अवैध वसूली, पैसे देने वाले को टोलपर्ची न देना,विरोध करने पर गाली गलौज कर मारपीट करना आदि शिकायतें होती रहती हैं।फिर भी सम्बांधित विभागों के अधिकारियों के कान में जूं नहीं रेंग रही है।आखिर अधिकारी किसी अप्रिय घटना के इंतजार में हैं, या फिर उनकी जेब तक अवैध वसूली की रकम पहुंच रही है?जो भी हो, लेकिन अपने कारनामों से टोलप्लाजा कर्मचारी, स्थानीय पुलिस एवं सम्बंधित विभाग के उच्चाधिकारियों पर क्षेत्रीय लोगों में गहरा आक्रोश व्याप्त हो रहा है।ट्रक चालक बताते हैं कि टोलप्लाजा से पहले ही ओवरलोड वाहनों के चालकों से अवैध वसूली करने के बाद किसी भी ओवरलोड ट्रक का कांटा नहीं कराया जाता।वहीं अन्डरलोड ट्रक चालकों को परेशान करने की नीयत से उनका कांटा कराया जाता है।

# जंघई बाजार में जाम लगने के कारण नागरिकों में आक्रोश

**अखंड भारत संदेश**



**जंघई।** जंघई हंडिया मुख्य मार्ग पर लगने वाले जाम से आवागमन करने वालों के अलावा मुख्य बाजार में दुकानें संचालित करने वाले दुकानदारों की दुकानदारी भी प्रभावित हो रही है। जंघई बाईपास, स्टेट बैंक एवं बैंक आफ बड़ौदा, जंघई कालोनी आदि स्थानों पर सड़क पर अतिक्रमण के कारण, वाहनों को सड़क पर खड़ा करने के कारण रोज जाम लगता है।आम नागरिकों एवं बाजार में खरीददारी करने वाले ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।जंघई बाजार में पार्किंग न होने के कारण लोग सड़क पर बाइक चार पहिया वाहन खड़ा करके बाजार में खरीददारी करने चले जाते हैं। मुख्य बाजार काफी व्यस्त होने के साथ ही बेहद सकरा है जिससे छोटे-छोटे वाहन ही इस रास्ते से बड़ी मुश्किल में निकल पाते हैं। ऐसे में यदि कोई बड़ा वाहन इस रास्ते से निकल जाए तो जाम लगना तय होता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि दोपहर बाद जाम की परेशानी और बढ़ जाती है दरअसल स्थानीय ग्रामीण बाजार खरीददारी करने आते हैं एवं बसों, ट्रकों के अलावा ऑटो, मैजिक वाहन, स्कूल वाहन बड़ी संख्या में बाजार में प्रवेश करते हैं जो ज्यादातर मुख्य बाजार से निकलते हैं इस कारण मुख्य बाजार में जाम के हालात पैदा हो जाते हैं।पैदल चलने वाले, दो पहिया वाहन एवं साइकिल सवार कई बार गिर कर चुटहिल हो जाते हैं जाम लगने के कारण लोगों को परेशानी होती है।

# शहर में सड़कों व नालियों के निर्माण से सफाई में सुविधाः प्रेमलता

## मीरा भवन वार्ड में साढे.पांच की लागत से बने सड़क व नाली का हुआ लोकार्पण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह व पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह ने सोमवार की अपरान्ह मीरा भवन वार्ड में साढे.पांच लाख की लागत से इंटरलाकिंग व पेंटिंग सड़क का लोकार्पण करते हुए कहा कि अब शहर के हर वार्ड में इंटरलाकिंग सड़क व नाली देखकर इस बात की खुषी है कि अब बेल्हा शहर साफ-सुथरा दिखेगा क्योंकि सड़कों व पानी के जमाव के कारण सफाई में प्रायः दिक्कत आती है। सड़कों और नालियों के निर्माण से यह समस्या दूर हो जाएगी। इसका सबसे बड़ा लाभ सफाई से संक्रामक रोगों का खतरा नहीं रहेगा।

सोमवार को मीरा भवन में अपरान्ह लगभग पांच बजे शंकर श्रीवास्तव के घर से होते हुए पार्क तक सड़क व नाली बनाई गई है




सड़क का लोकार्पण करतीं अध्यक्षा प्रेमलता सिंह व हरिप्रताप सिंह।

जिसका लोकार्पण विधि विधान से किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के लोगों ने खुषी जाहिर करते हुए कहा कि अब इस वार्ड में जलजमाव की समस्या नहीं रह जाएगी। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता ज्वाला सिंह ने किया। इस अवसर पर आर के सिंह, शीला सिंह, आषा किरन सिंह, पूर्व सभासद रमा मिश्रा, नगर पालिका के मिथिलेष सिंह, ओम प्रकाष शुक्ला, अनिल शुक्ला, नामित सभासद गायत्री शुक्ला के अलावा अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। सड़क व नाली के निर्माण से इस वार्ड के लोगों में खुषी देखी गई।

## रकम दोगुनी करने के झांसे में युवक से लिया पैसा

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बिटकॉइन के नाम पर रकम को दोगुना करने का झांसा देकर आरोपी ने एक युवक से 14000 रुपया ले लिया। चार साल बीत जाने के बाद जब युवक ने अपनी रकम वापस करने की बात कही तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया। पीड़ित ने इस संबंध में आसपुर देवसरा थाने में शिकायती पत्र दिया है। पट्टी तहसील क्षेत्र के आसपुर देवसरा थाना अंतर्गत गोदलपट्टी गांव का रहने वाला दिलीप कुमार पुत्र नंदलाल ने आसपुर देवसरा थाने में शिकायती पत्र देकर बताया कि पट्टी कोतवाली क्षेत्र के महदहा गांव का रहने वाले एक युवक ने 4 साल पहले उससे 14000 रुपये बिटकॉइन में रकम को दोगुना करने की झांसा देकर लिया था। उसकी बात पर विश्वास करके पीड़ित ने उसे रकम दे दिया और जब जब उसने रकम मांगी उसे आश्वासन की घुट्टी पिलाते रहा। दो दिन पहले जब उसने अपना पैसा मांगा तो उसे गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। पीड़ित ने इस संबंध में आसपुर देवसरा थाने में शिकायती पत्र देकर आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

# सहस्त्रवीर की उपाधि से विभूषित राजीव कुमार आर्य का हुआ अभिनन्दन

## अम्मा साहेब ट्रस्ट द्वारा आजीवन मासिक पेंशन वितरण समारोह संपन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भारतीय जीवन बीमा निगम की इलाहाबाद मण्डल शाखा एवं प्रतापगढ़ की मुख्य शाखा द्वारा संयुक्त रूप से 1000 बीमा पालिसी करने पर सहस्त्रवीर की उपाधि से विभूषित राजीव कुमार आर्य का सृजना साहित्यिक संस्था उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष डॉ० दयाराम मौर्य रत्न तथा एलायंस इंटरनेशनल के निदेशक रोशनलाल उमरवैश्य सहित अम्मा साहेब ट्रस्ट के प्रबुद्धजनों द्वारा सारस्वत अभिनन्दन किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में राजीव कुमार आर्य द्वारा शारदा संगीत महाविद्यालय के सभागार में रविवार को अम्मा साहेब ट्रस्ट द्वारा आजीवन मासिक पेंशन वितरण समारोह में मानवता का पुरस्कार अन्तर्राष्ट्रीय अवार्ड (सम्मान पेंशन) की विस्तृत फाइल पुरस्कार प्राप्तकताओं को प्रदान की गयी। मुख्य अतिथि द्वारा शारदा संगीत महाविद्यालय के बच्चों की



शारदा संगीत महाविद्यालय में राजीव कुमार आर्य को सम्मानित करते अतिथिगण

प्रशंसा और सराहना करते हुए उन्हें ठण्ड से बचाने के लिए रूम हीटर भी प्रदान किया गया। अंजनी अमोघ द्वारा उक्त अवसर पर स्वरचित आरोग्य दोहावली की प्रति मुख्य अतिथि को भेंट की गयी। अम्मा साहेब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा ने उक्त अवसर पर कहाकि अम्मा साहेब ट्रस्ट संसार में स्वस्थ समाज के निर्माण एवं स्वस्थ सामाजिक मूल्यों की स्थापना हेतु जारी अभूतपूर्व सामाजिक अभियान है जो आत्मकेंद्रित (स्वकेन्द्रित) लोगों की समझ में आने वाला नहीं है क्योंकि वे जिस हाल में हैं वे उसी हाल में जीवन जीना चाहते हैं तथा उन्हें परिस्थितियों में बदलाव लाने की कोई आवश्यकता महसूस नहीं होती है। उन्होंने कहा कि अम्मा साहेब ट्रस्ट भारत और विश्व की पहली सामाजिक क्रांति है जो समाज में बड़े बदलाव लाने में सक्षम है तथा धीरे-धीरे सारा संसार इसमें समाहित हो जाएगा। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ० दयाराम मौर्य ह्यरत्नह्ण ने कहाकि आज भौतिकवादी युग में भौतिकता के साथ जीवन सर्वथा बनावटी हो गया है। उक्त अवसर पर मुख्य रूप से रोशनलाल उमरवैश्य, नित्या त्रिपाठी, कमलेश तिवारी, सौम्या त्रिपाठी, नंदिनी श्रीवास्तव, ओंकारनाथ मिश्र, राम प्रकाश त्रिपाठी, पी०एन० पाण्डेय, शिवराम पाण्डेय, प्रभाकर पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# मानवाधिकार जन-जागरूकता कार्यक्रम का हुआ समापन

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** मानवाधिकार जन-जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत व्याख्यान माला का आयोजन सोमवार को अवधेशपुरम् ऐंठू में किया गया। अध्यक्ष डॉ रणजीत सिंह ने प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि विकास के प्रारम्भिक दौर में मानव को अपने अधिकारों का ज्ञान न था, उस समय जो बलशाली होते थे वो जाने-अनजाने में दूसरे के अधिकारों का हनन करते थे। धीरे-धीरे शिक्षा और सभ्यता के विकास के साथ-साथ मानव को मन और मस्तिष्क भी परिष्कृत होता गया। मनीष सिंह ने कहा कि आज के समाज में अधिक से अधिक लोगों के शिक्षित होने के बावजूद ऐसे करोड़ों लोग हैं जो खुद के अधिकारों और विशेषाधिकारों के बारे में नहीं जानते हैं ऐसे लोगों में जागरूकता लाने के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के द्वारा इस हर वर्ष 10 दिसम्बर को विश्व मानवाधिकार दिवस मनाया जाता है। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ अमित बरनवाल ने कहा कि भारतीय संविधान द्वारा प्रत्येक मनुष्य को कुछ विशेष अधिकार दिये गये हैं यह वो अधिकार हैं जो मानव को जन्म मिलते ही प्राप्त होते हैं। इस अवसर पर प्रबुद्ध नागरिक, किसान, कृषि वैज्ञानिक, चिकित्सक एवं सामान्य नागरिकों ने भाग लिया। मुख्य रूप से डॉ अमित बरनवाल, अवनीश सिंह, लवकुश, शोभिता सिंह, राजकुमार गुप्ता, ज्ञानेन्द्र सिंह आदि लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

## तीन बीघा का धान जलकर हुआ खाक

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के बड़गांव में सुनील कुमार उपाध्याय का खेत मे काटकर रखा तीन बीघा धान खलिहान में पीटने के लिए इकठ्ठा रखा हुआ था जिसे बीती रात अज्ञात लोगों द्वारा जलाकर खाक कर दिया गया। घटना की जानकारी भोर पहर होने पर परिजनों में हड़कम्प मच गया। इस आगजनी में लगभग एक लाख रुपये का नुकसान बताया जा रहा है। घटना को परिजनों व ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। घटना की तहरीर पीड़ित परिवार ने अज्ञात लोगों के खिलाफ दिया पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## सिंचाई बन्धु की बैठक आज

**प्रतापगढ़।** अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड ने बताया है कि जनपदीय सिंचाई बन्धु की बैठक 13 दिसम्बर 2022 को पूर्वान्ह 11 बजे सिंचाई निरीक्षण भवन सभागार में की जायेगी। बैठक में जनपद के जनप्रतिनिधिगण, जनपदीय अधिकारी एवं कृषकगण आमंत्रित है।

# तीन प्रतियोगिताओं में एमडीपीजी कालेज ने मारी बाजी

## युवोत्सव-2022 के तहत एमडीपीजी कालेज में हुई जनपदीय प्रतियोगिताएं



एमडीपीजी में आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते प्रतिभागी।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रो राजेंद्र सिंह (रज्जू भैय्या) द्वारा निर्धारित युवोत्सव 2022 के अंतर्गत जनपदीय प्रतियोगिताएं आज एमडीपीजी कॉलेज में संपन्न हुईं। प्रतियोगिताएं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र के निर्देशन में एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी प्रो पीयूष कांत शर्मा के संयोजन में संपन्न हुईं। प्रतियोगिता के परिणामों की जानकारी देते हुए महाविद्यालय के जनसूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडे ने बताया कि प्रतियोगिता के पहले दिन आज वाद-विवाद, भाषण एवं क्विज की प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। तीनों ही प्रतियोगिताओं में एमडीपीजी कॉलेज ने बाजी मारी। भाषण प्रतियोगिता के विषय नई शिक्षा नीति 2020 पर बोलते हुए एमडी पीजी कॉलेज के अमित पांडे प्रथम, कृपालु महाराज कुंडा की अपर्णा शुक्ला द्वितीय तथा पीजी कॉलेज पट्टी की श्रेया श्रीवास्तव को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वाद-विवाद प्रतियोगिता के विषय सोशल मीडिया की भूमिका के पक्ष में बोलते हुए एमडी पीजी कॉलेज की सौम्या ओझा को प्रथम, हेमवती नंदन पीजी कॉलेज लालगंज की अनुष्का मिश्रा द्वितीय एवं पीजी कॉलेज पट्टी की संध्या तिवारी तृतीय स्थान पर रहीं। वाद-विवाद के विपक्ष में बोलते हुए एमडी पीजी कॉलेज की खुशी तिवारी प्रथम एवं हेमवती नंदन पीजी कॉलेज लालगंज के आदर्श पांडे द्वितीय एवं कृपालु महाराज कुंडा की साक्षी शुक्ला को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। क्विज प्रतियोगिता में एमडीपीजी कॉलेज की गार्गी पांडे, शुभ्रा पांडे एवं प्रीतम सरोज की टीम प्रथम स्थान पर रही जबकि कालाकॉकर को द्वितीय एवं पीजी कॉलेज पट्टी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। जन सूचना अधिकारी डॉ सीएन पांडे ने बताया कि 13 दिसंबर को शेष बची 9 प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। प्रो प्रदीप कुमार सिंह, उदय भान सिंह, गोविंद प्रसाद खंडेलवाल, डॉ सर्वेश कुमार सिंह, प्रो अरुण कुमार तिवारी, डॉ सीमा त्रिपाठी, डॉ0 अभिषेक सिंह आदि ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

## हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कालेज की छात्राओं ने फहराया परचम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** हेमवती नंदन बहुगुणा पी जी कालेज लालगंज प्रतापगढ़ ने प्रोफेसर राजेन्द्र सिह रज्जू भैया विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता-युवा महोत्सव कार्यक्रम में प्रथम स्थान हासिल करके छात्राओं ने कालेज का मान सम्मान बढाया है। बताते चलें युवा महोत्सव कार्यक्रम में जिले के अनेकों नेक महाविद्यालयों ने प्रतिभाग किया था, फोक डांस में हेमवती नंदन बहुगुणा पी जी कालेज लालगंज को प्रथम खिताब से नवाजा गया। भाषण प्रतियोगिता में आदर्श पांडे पक्ष, अनुष्का मिश्रा विपक्ष में दूसरा स्थान जिले में प्राप्त किया है। इस खिताब का मुख्य श्रेय प्राचार्य प्रोफेसर शैलेन्द्र कुमार मिश्र एवं सांस्कृतिक परिषद के सभी तैयारी कराने वाले सदस्यों को मुख्य रूप से जाता है।

बहुमुखी प्रतिभा के धनी व्यक्ति प्राचार्य जी कालेज की पठन पाठन व्यवस्था से लेकर प्रत्येक कार्यों की समीक्षा समय समय पर करने के कारण आज महाविद्यालय जिले स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक अपना परचम लहरा रहा है। ज्ञान और संस्कार की पाठशाला कहा जाने वाला हेमवती नंदन बहुगुणा लालगंज अपने उत्तरोत्तर विकास की गाथा लिख रहा है। जिले में कालेज का गौरव बढ़ाने वाली छात्राओं का प्राचार्य डॉ मिश्र जी एवं प्रबंधक डॉ बीरेंद्र कुमार मिश्र ने सभी छात्राओं को अंतर्मन से बधाई दी। प्रतियोगिता जीतने वाली छात्राओं में-सोनम, कंचन, अंजली, साहिबा बानो, सानिया बानो, अनुष्का मिश्रा, कुलदीप पांडे का कहना है कि हम लोग विश्वविद्यालय की भी प्रतियोगिता जीतने के लिए पूर्ण मनोयोग से काम करेंगे जिससे कालेज और प्राचार्य का नाम रोशन हो। इस कामयाबी से खुश होकर संम्पूर्ण महाविद्यालय परिवार छात्राओं को आशीर्वाद दिया है। उक्त सूचना जनसूचनाधिकारी डॉ फणीन्द्र नारायण मिश्र हेमवती नंदन बहुगुणा पी जी कालेज लालगंज ने दी।

# पूर्वजों का सम्मान हम सभी का कर्तव्यः राजेंद्र मौर्य

## बाबू मयन बहादुर सिंह की जयंती पर काव्य समारोह का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शिक्षक व पत्रकार स्व बाबू मयन बहादुर सिंह की 94वीं जयंती सामाजिक सरोकार पखवाड़ा के रूप में धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के समापन पर काव्य समारोह का आयोजन सहोदरपुर पूर्वी में किया गया।

सर्वप्रथम बाबू मयन बहादुर सिंह के चित्र पर समारोह में उपस्थित गणमान्य जनों ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए उसके पश्चात वीणापाणिन मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलन के साथ शिव प्रकाश सेनानी ने काव्य समारोह का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अतिथि गणों शिव प्रकाश सेनानी, श्रद्धा सिंह, सुरेश सिंह, के के सिंह कृष्णा, डीपी इंसान, समाज शेखर को बैच लगाकर, पुष्पगुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया। सदर विधायक राजेंद्र मौर्य बाबूजी को याद करते हुए कहा कि बाबू जी से मिलने का सौभाग्य उन्हें कई बार प्राप्त हुआ, उनका सानिध्य सदैव सामाजिक सरोकार के उत्थान के



बाबू मयन सिंह के चित्र पर माल्यार्पण करते शिव प्रकाश मिश्र सेनानी।

लिए प्रेरणा से भर देता था। हमें ऐसे महापुरुषों का सम्मान, उन्हें याद करने का अवसर बार-बार खोजते रहना चाहिए। ऐसा करना समाज को सदैव सकारात्मक दिशा की ओर ले जाएगा। सामाजिक कार्यकर्ता समाज शेखर ने कहा कि सहोदरपुर सोमवंशीय राज परिवार का अभिन्न भू-भाग है। 1904 के प्रतापगढ़ गजेटियर में उल्लेखित है कि सन 1354 में राजा कान्ह देव के चार पुत्रों में दूसरे पुत्र कांह सिंह के चार पुत्रों के प्रतिनिधित्व में कमईपुर, अचलपुर, सहोदरपुर तथा एक मुफरीद रियासत अजगरा का कुछ हिस्सा था. इस प्रकार यह अत्यंत प्राचीन महत्व का स्थान है और उसी परिवार के बाबू मयन बहादुर सिंह देश व समाज के समक्ष एक जिम्मेदार नागरिक, शिक्षाविद व सेवक हुए, उनकी जयंती समारोह ने इस स्थान को पुनजार्गृत किया है। कवि गणों में डॉ श्याम जी, आचार्य अनीश देहाती, नरकंकाल, परवाना, सुनील प्रभाकर, डा अनुज नागेन्द्र, मंजुल, अर्चना सिंह, राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय, सर्वेश सिंह ने अपने काव्य के माध्यम से काव्य समारोह में उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। काव्य समारोह में आए सभी व्यक्तियों का श्याम नारायण सिंह ने साधुवाद ज्ञापित किया। सामाजिक सरोकार पखवाड़े के संयोजक पंकज सिंह ने लोगों के सहयोग के लिये अपना आभार व्यक्त किया। काव्य समारोह के दौरान मुख्य रूप से आत्म प्रकाश दुबे, सभासद विनय सिंह भोला, श्याम सुन्दर टाऊ, डा शिवानी मातन हेलिया, इंद्रदेव, कन्हैयालाल, सुरेन्द्र सिंह, भूपेन्द्र सिंह, विनोद सिंह, एबी सिंह, ताहिर, भरतलाल, सर्वजीत आदि मौजूद रहे।

# समीक्षा बैठक में कार्यकारिणी के विस्तार पर हुई चर्चा

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** सरदार सेना संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन पट्टी तहसील क्षेत्र के सरदार वल्लभभाई इंटरमीडिएट कॉलेज बहुता में संपन्न हुआ, जिस में मौजूद पदाधिकारियों ने संगठन की समीक्षा बैठक किया तथा कार्यकारिणी का विस्तार पर चर्चा की गई।

पट्टी तहसील क्षेत्र के सरदार वल्लभभाई पटेल इंटरमीडिएट कॉलेज बहुता में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता सरदार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर एस पटेल ने किया। मौजूद संगठन के पदाधिकारियों तथा कार्यकताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बहुजन समाज के हित के लिए संघर्ष करना ही संगठन का मुख्य उद्देश्य है। सरदार सेना प्रतापगढ़ जिलाध्यक्ष राकेश पटेल ने कहा



सरदार सेना संगठन के पदाधिकारीगण।

कि संविधान की भावना के अनुरूप कार्य करते हुए समाज के निचले तबके के लोगों का उत्थान के लिए हम सभी संघर्ष कर रहे हैं जिसमें युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना आवश्यक है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिवम पटेल, संतोष गुप्ता, राहुल प्रजापति, अंकेश पटेल, लक्ष्मण पटेल सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार महिला की दर्दनाक मौत, घर में मचा कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** लालगंज कालाकांकर रोड पर मानिकपुर थाना क्षेत्र के बारा बीघा गाव के सामने ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि मानिकपुर थाना क्षेत्र के बारा बीघा गाव से सटे गल्ला फड़ की दुकान के सामने थाना संग्रामगढ़ के कुसेमर गाँव निवासी पंकज सोनी अपनी पत्नी स्नेहा सोनी (26) वर्षीय को बाइक से अपने मामा भोलई सोनी पाइकगंज बाजार परियावां थाना नवाबगंज आ रहे थे कि लगभग तीन बजे जैसे ही बारा बीघा गाव के निकट पहुचे ही थे कि सामने से आ रही ट्रैक्टर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे स्नेहा बाइक से नीचे गिर गई जिससे मौत हो गई। टक्कर लगते ही ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया मौके पर पहुँची एम्बुलेंस स्नेहा को सीएचसी कालाकांकर ले गयी जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते स्नेहा के ससुराल कुसेमर व मायका कौड़िहार में कोहराम मच गया। मृतका स्नेहा के तीन बच्चे हैं जो अपने पति के साथ परियावां मामा के घर मिलने आ रही थी। मौत की खबर मिलते ही मामा का लड़का छोटू घटना स्थल पर पहुँच गया। सूचना पर पहुंची मानिकपुर पुलिस ने शव को पीएम भेजने के लिए लिखा पढ़ी करने में लगी हुई है।

# सप्लाई इन्स्पेक्टर बने अभिनव मिश्र

**अखंड भारत संदेश**

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** जेठवारा क्षेत्र के कुटिलिया गांव के एक शिक्षित परिवार के होनहार छात्र अभिनव मिश्र ने इस वर्ष लोवर पीसीएस परीक्षा में सफलता हासिल की और उनका चयन सप्लाई इंसपेक्टर के पद पर होने के बाद उनके घर पर शुभकामनाएं देने वालों का तांता सा लगा हुआ है। बता दें कि अभिनव के परिवार में शिक्षा के प्रति काफी जागरूकता है उनके पिता



अभिनव मिश्र।

प्राथमिक शिक्षक संघ लक्ष्मणपुर के निवर्तमान अध्यक्ष मत्स्येंद्रनाथ मिश्र व मां आंगनवाड़ी कार्यकत्री विंदु मिश्र है। उनके बड़े पापा देवी प्रसाद मिश्र इंटर कालेज में उप प्रधानाचार्य पद से सेवामुक्त हुए है। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातक व परास्नातक की परीक्षा उतीर्ण की और एमडीपीजी कॉलेज से बीएड कोर्स कर रहे है। उन्होंने इसके पूर्व भी जूनियर असिस्टेंट परीक्षा 2016 व 2019 में दी और सफलता हासिल की एसआई व एएसआई की परीक्षा भी पास की पर दौड़ में प्रतिभाग नही किया। उनके चयन से परिवार के साथ ही पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर सी दौड़ गयी है और उनके घर बधाई देने वालों का तांता सा लगा हुआ है।

## नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन के निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण हेतु दिशा निर्देश जारी

**प्रतापगढ़।** सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी जिला निर्वाचन कार्यालय (पंचायत एवं नगरीय निकाय) विनायक शुक्ल ने बताया है कि राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2022 के निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिये गये हैं। उन्होने बताया है कि नगरीय निकाय निर्वाचन के दौरान प्रत्याशियों तथा उनके समर्थकों द्वारा मतदाताओं को प्रलोभित कर मतदान प्रभावित करने के उद्देश्य से नकद धनराशि के वितरण की शिकायतें प्राप्त होती रही है।

# कांग्रेस भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भरवारी में चले लाठी-डंडे कई घायल

## सत्ता में काबिज होने का सपना देख कर निकाली गई कांग्रेस यात्रा रैली में दो गुटों में बटी कांग्रेस

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** देश की सत्ता में काबिज होने का सपना देखने वाली कांग्रेस के भारत जोड़ो यात्रा के दौरान जमकर लात जूते लाठी डंडे चले हैं कांग्रेसी नेता दो गुटों में बटते दिख रहे हैं एक बार फिर कांग्रेस की गुटबाजी खुलकर सामने आ गई जहां प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय की मौजूदगी में भरवारी कस्बे में चल रही भारत जोड़ो यात्रा में जिले के दिग्गज पार्टी नेता जिले में महामंत्री और पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के रूप में काम कर रहे एक नेता को मौजूद भीड़ ने मारपीट शुरू कर दी है जिससे भारत जोड़ो यात्रा में भगदड़ मच गई और नेताओं को पुलिस को फोन कर अपनी जान को बचानी पड़ी आनन फानन में पहुंची पुलिस ने किसी तरह से हालत को काबू में पाया इस मारपीट में कई कांग्रेसी घायल हो गए कांग्रेस पार्टी में मारपीट के दौरान बड़े कांग्रेसी नेता तमाशबीन बने रहे जिसकी खुले शब्दों में आलोचना शुरू हो गई है भारत जोड़ो यात्रा में मारपीट के बाद किसी कांग्रेसी नेता ने अभी तक जिम्मेदारी नहीं ली है नैतिकता के आधार पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने इस्तीफा भी नहीं दिया है।



कांग्रेस भारत जोड़ो यात्रा में मारपीट का दृश्य।

मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को भारत जोड़ो यात्रा का कौशांबी में पदयात्रा कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय के अगुवाई में निकालनी थी। जैसे ही भरवारी कस्बे में यात्रा पहुंची तभी यात्रा में लात जूते लाठी-डंडे चलने लगे स्थिति यह रही कि एक दूसरे से बचने के लिए कार्यकर्ता कस्बे की दुकानों में छिपते हुए नजर आए इस मारपीट में कई लोग घायल हो गए। पुलिस के पहुंचने के बाद किसी तरह हालत पर काबू पाया गया। जन चर्चाओ पर जाएं तो इस मारपीट के दौरान मुख्य रूप से पार्टी के प्रभारी जिला अध्यक्ष रहे नेता जो की पार्टी में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हैं उनके आपसी विवाद के चलते पदयात्रा के दौरान मारपीट हुई है जो बेहद शर्मनाक है हालांकि मारपीट के बाद कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने इस मामले में कुछ भी बोलने को जुबान नहीं खोली है।

# साथियो संग साले ने बहनोई पर किया जानलेवा हमला

### खून में लथपथ युवक मदद के लिए पहुंचा नजदीक के पावर हाउस,पुलिस जांच में जुटी

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिले में कड़ा धाम थाना क्षेत्र के दारानगर पावर हाउस के पास देर रात एक युवक खून में लथपथ होकर पहुंचा,और अपने ऊपर जानलेवा हमले की बात बताकर ड्यूटी पर मौजूद कर्मचारियों से गेट खोलने की बात कह रहा था।आधी रात में खून में डूबे युवक को गेट के बाहर देखकर कर्मचारी दहशत में आ गए और फौरन पुलिस को फोन पर जानकारी दी और उसकी हालत गंभीर देख एम्बुलेंस को भी फोन किया। सूचना मिलते ही पूरी टीम के साथ कड़ा धाम थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे तो देखा कि युवक खून मे लथपथ था, जिसे इलाज के लिए अपनी गाड़ी में बैठाकर अस्पताल भेज दिया।

युवक पावर हाउस के गेट पर खड़ा था और बता रहा था कि उसपर तीन लोगों ने रास्ते में रोककर चाकुओं से हमला किया है।बार बार युवक समरजीत ने हमला किया है बता रहा था।

वहीं उस व्यक्ति के बारे में पुलिस ने बताया कि वह सौरई बुजुर्ग गांव का रहने वाला संजय पटेल नाम का व्यक्ति है जिसका विवाद उसकी पत्नी से चल रहा था और आरोप अपने ही साले पर लगा रहा है लेकिन युवक पर जानलेवा हमला किया था यह बात साबित हो रही है, क्योंकि पावर हाउस गेट के पास उसकी बाइक पड़ी हुई पुलिस ने बरामद किया है और युवक बता रहा था कि इसे यही घेरकर समरजीत और उसके दो साथियों ने चाकुओं से मारा है पावर हाउस के कर्मचारियों की आहट पर वे हमलावर फरार हो गए।फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है

# फेरी करने निकला अधेड़ गायब

**अखंड भारत संदेश**

**हर्रायपुर कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के फरीदपुर अशोकपुर निवासी फूल चंद्र उम्र 43 वर्ष पुत्र किशोरी लाल फेरी का काम करके परिवार का जीविकोपार्जन करते हैं शनिवार को सुबह वह फेरी करने घर से निकले थे लेकिन वह घर वापस नहीं लौट सके फूलचंद्र के घर वापस न लौटने पर परिजन परेशान हो गए हैं परिजनों ने संभावित स्थान पर फूलचंद की तलाश की लेकिन उनका कहीं पता नहीं चल रहा है।

# दुष्कर्म का वाछित अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सैनी पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त धर्मेन्द्र कुमार सोनकर पुत्र स्व0 राम स्वरूप सोनकर निवासी जफरपुर मर्दनपुर बरजी थाना सैनी को बस स्टैण्ड सैनी से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# दो वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिले में अलग अलग थानों की पुलिस बल द्वारा दो वारन्टी अभियुक्तो को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है थाना पिपरी पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त रविन्द्र कुमार पुत्र बच्चू लाल निवासी मीरपुर थाना पिपरी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

इसी प्रकार थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त रोहित पुत्र हरीलाल निवासी जरहुआ थाना कोखराज को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिले में चलाए जा रहे अवैध शराब के निर्माण एंव तस्करी के विरुद्ध एक अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए 15 लीटर अवैध शराब बरामद कर अभियुक्तो को न्यायालय भेज दिया है जानकारी के मुताबिक थाना कड़ाधाम पुलिस बल द्वारा अभियुक्त लल्लू पासी पुत्र प्यारे पासी निवासी गुलाम मोहम्मद का पुरवा मजरा मोहम्मदपुर जीता थाना कड़ाधाम को गिरफ्तार कर कब्जे से 15 लीटर अवैध शराब नय बनाने के उपकरण बरामद होने पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

# चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 182 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 03 वाहनों से 1500 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

# निरोधात्मक कार्यवाही में 10 अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मंझनपुर से दो थाना महेवाघाट से एक थाना सराय अकिल से एक थाना पिपरी से एक थाना कोखराज से एक थाना सैनी से चार कुल दस अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# रोका जाए स्टेट जीएसटी की छापेमारी: अजय सोनी

## प्रेमचंद केसरवानी ने कहा कि निकाय चुनाव में व्यापारी और दुकानदार लेंगे स्टेट जीएसटी की छापेमारी का बदला

### स्टेट जीएसटी की छापेमारी बंद करने को लेकर सकिपा ने किया विरोध प्रदर्शन भेजा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** किसानों के मसीहा कहे जाने वाले समर्थ किसान पार्टी के नेता अजय सोनी व्यापारियों के समर्थन में उतर आए हैं और व्यापारियों के समर्थन में समर्थ किसान पार्टी के तत्वावाधान में सोमवार को जिला मुख्यालय मंझनपुर में स्टेट जीएसटी की छापेमारी रोके जाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया और सरकार से स्टेट जीएसटी की छापेमारी को रोकने की मांग की गई। साथ ही एक चार सूत्रीय ज्ञापन मुख्यमंत्री को नामित जिला प्रशासन को सौंपा गया जिसमे स्टेट जीएसटी की छापेमारी को तत्काल बंद करने की मांग की गई। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार को समर्थ किसान पार्टी के तमाम कार्यकर्ता, दुकानदार और व्यापारी जिला मुख्यालय मंझनपुर के पार्टी कार्यालय में इकट्ठा हुए और बैठक की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए पार्टी नेता अजय सोनी ने कहा कि सरकार द्वारा स्टेट जीएसटी के नाम पर व्यापारियों एवं दुकानदारों की दुकानों में कराई जा रही छापेमारी पूरी तरह से गलत है। कोरोना एवं ऑनलाइन ट्रेडिंग से पहले से ही टूटे व्यापारी एवं दुकानदार सरकार से राहत की उम्मीद कर रहे थे लेकिन सरकार ने स्टेट जीएसटी की छापेमारी करवाकर उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया।



ज्ञापन सौपते समर्थ किसान पार्टी नेता।

आगे कहा कि सरकार को स्टेट जीएसटी की छापेमारी को तत्काल रोकवाना चाहिए अन्यथा व्यापारियों एवं दुकानदारों को भारी नुकसान होगा। इसी तरह दुकानें बंद रहीं तो सरकार को भी राजस्व की भारी हानि होगी साथ ही दुकानें नही खुलने से शादी विवाह के समय आम जनमानस को भी भारी असुविधा होगी। इसी के साथ पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेमचंद्र केसरवानी ने कहा कि स्टेट जीएसटी की छापेमारी की कार्यवाही से व्यापारियों एवं दुकानदारों का उत्पीड़न हो रहा है। आगे कहा कि आने वाले निकाय चुनाव में सत्ता दल को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा और स्टेट जीएसटी की कार्यवाही का व्यापारी और दुकानदार हिसाब चुकता करेंगे।

इसी के साथ माननीय मुख्यमंत्री के नाम एक चार सूत्रीय ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा गया। सौपे गए ज्ञापन में स्टेट जीएसटी की छापेमारी को तत्काल बंद कराने, छापेमारी के नाम पर व्यापारियों एवं दुकानदारों का उत्पीड़न रोकने, जिन जिन व्यापारियों को नोटिस किया गया है, उन्हे चेतावनी देकर मुक्त करने, स्टेट जीएसटी को प्रदेश मे अगले तीन सालों तक रद्द करने जैसी मांगे की गई हैं। इस मौके पर प्रेमचंद्र केसरवानी, जयलाल चौधरी, रवि प्रकाश चौधरी, उमेश केसरवानी, अरविंद केसरवानी, मुन्ना साहू, सुरजीत वर्मा, वीरेंद्र तिवारी, भगवान दिन सोनी, सुशील सोनी आदि मौजूद रहे।

# सर्प दंश से अधेड़ की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के ककोढा ग्राम में रविवार की शाम लगभग 5 बजे सत्यनारायण कोरी 35 वर्ष पुत्र स्वा सहादेव अपने खेत में काम कर रहा था कि अचानक मेड से निकल कर सर्प ने काट लिया ग्रामीणों के अनुसार झाड़ फूक व उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी मौत होने से परिवार वालो का रो रो कर हाल बेहाल है वही बच्चों के सर से पिता का साया भी उठ गया मृतक की दो लड़की वन्दना 16 वर्ष ,साधना 5 वर्ष, व एक लड़का आदित्य 12 वर्ष दहाड़ मार कर रो रहे हैं सत्यनारायण की मौत की जानकारी जैसे ही ग्रामीणों को लगी उसके घर पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई है परिजनों ने लिखित सूचना थानां कोखराज को दी हैं।



अधेड़ की मौत के बाद रोते बिलखते परिजन।

# भारतीय भाषा उत्सव के रुप मे मनाया गया महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयन्ती

**अखंड भारत संदेश**

**भरवारी कौशाम्बी।** महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयन्ती नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी में भारतीय भाषा उत्सव के रुप मे मनाया गया विद्यालय के प्रधानाचार्य कलीम अहमद की अध्यक्षता में महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयन्ती को भारतीय भाषा उत्सव के रुप मे मनाया गया। प्रधानाचार्य एवम अध्यापकों के द्वारा छात्रों को महाकवि के जीवन एवम साहित्य में उनके योगदान के विषय में विस्तार से बताया गया।कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों को एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत भारतीय भाषाओं के महत्व को जानने के लिए प्रोत्साहित किया गया छात्रों के द्वारा भी कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया कार्यक्रम का संचालन भुवनेश्वर तिवारी द्वारा किया गया।कार्यक्रम में डॉ प्रदीप कुमार सिंह, विनोद कुमार मिश्र, अरूण कुमार द्विवेदी, भारत लाल शर्मा, संतोष सिंह यादव, अतुल कुमार मिश्र स्वतंत्र कुमार श्रीवास्तव आदि शिक्षक मौजूद रहे।



कार्यक्रम में उपस्थित स्कूली छात्र।

# निकाय चुनाव मैं गुप्त मतदान के जरिए तय होगा प्रत्याशी साहू समाज ने ठोंकी ताल

**अखंड भारत संदेश**

### समाज की वोटिंग मे सुष्मिता साहू पत्नी सुनील साहू को मिली कमान

**अझुवा कौशाम्बी।** निकाय चुनाव के लिए रणभेरी बजने वाली है सभी दावेदार अपनी अपने मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए आतुर दिखाई दे रहे हैं। उसी परिप्रेक्ष्य में आदर्श नगर पंचायत अझुवा में पिछड़ी वर्ग महिला प्रत्याशी के समर्थन में साहू समाज ने आज नगर पंचायत अझुवा के जय माँ दुर्गे इंटर कालेज मे गुप्त मीटिंग कर अपने समाज से नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए उतरे दावेदार के लिए वोटिंग का सहारा लिया है। इस दौरान नगर पंचायत अझुवा के साहू समाज के लोगो ने बढ़ चढ़ कर वोटिंग की है इस गुप्त मतदान में दो दावेदार प्रदीप साहू व सुनील साहू के बीच मतदान हुआ। जिसमें साहू समाज ने सुनील साहू को अधिक मतदान कर चुनाव लड़ने को अधिकृत किया है। नगर पंचायत में इस गुप्त वोटिंग की चर्चा चहुओर हो रही है। नगर निकाय चुनाव के लिए 15 दिसम्बर के बाद कभी भी निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना जारी हो सकती है।नगर पंचायत अझुवा का चुनाव धीरे धीरे परवान चढ़ रहा है जीत किसकी होगी ये आने वाला समय बताएगा।

# विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत लम्बित आवेदनों को शीघ्र निस्तारित करने के सीडीओ ने दिए निर्देश

## मुख्य विकास अधिकारी ने की जिला स्तरीय सलाहकार समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक

### बैंक में ऋण जमानुपात में प्रगति मानक के अनुरूप न पाये जाने पर सीडीओ ने नाराजगी प्रकट करते हुए सम्बन्धित बैंकर्स को प्रगति लाने के दिए निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा सम्राट उदयन सभागार में जिला स्तरीय सलाहकार समिति एवं जिला स्तरीय आर0सेटी सलाहाकार समिति की बैठक की गई बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने गत बैठक में दिये गये निदेशों के अनुपालन की स्थिति की समीक्षा के दौरान एस0बी0आई0 एवं जिला को-आपरेटिव बैंक में ऋण जमानुपात में प्रगति मानक के अनुरूप न पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सम्बन्धित बैंकर्स को प्रगति लाने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी बैंकर्स से कहा कि विभिन्न योजनाओं के ऋण आवेदनों को शीघ्र निस्तारित कर दिया जाय, कोई आवेदन लम्बित न रहने पाये। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जो ऋण आवेदन स्वीकृत हो गये हैं, उन्हें शीघ्र वितरित कर दिया जाय।

मुख्य विकास अधिकारी ने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद-एक उत्पाद योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के दौरान ओ0डी0ओ0पी0 के तहत ऋण आवेदनों के निस्तारण में लापरवाही बरतने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सम्बन्धित बैंकर्स को आवेदनों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश देते हुए कहा कि आवेदनो को अनावश्यक निरस्त न किया जाय। उन्होंने पी0एम0एफ0एम0ई0 योजना की समीक्षा के दौरान बैंको द्वारा लापरवाही पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए बैंकर्स को आवेदनों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिये। उन्होंने वित्तीय साक्षरता शिविर की समीक्षा के दौरान कहा कि ब्लॉकों में होने वाले बी0डी0सी0 मीटिंग में भी प्रचार-प्रसार किया जाय।



बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी

मुख्य विकास अधिकारी ने नाबार्ड द्वारा तैयार की गई सम्भाव्यतायुक्त ऋण योजना 2022-24 का विमोचन किया गया। जिला विकास प्रबन्धक, नाबार्ड अनिल शर्मा ने बताया कि सम्भाब्यता ऋण योजना नाबार्ड द्वारा राज्य सरकार के विभिन्न विभागों, बैकों एंव जनपद के अन्य हितधारकों के साथ विचार-विमर्श के पश्चात तैयार की गई है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023-24 में जनपद में प्राथमिकता क्षेत्र के लिए लगभग रू0 82820.95 लाख के बैंक ऋण के आवश्यकता का अनुमान लगाया गया है, इसमें कृषि क्षेत्र के लिए ऋण, कृषि सम्बन्धी अन्य गतिविधियों यथा-डेयरी, सिंचाई, कृषि यन्त्रीकरण, भूमि विकास, मुर्गी पालन, मछली पालन एवं भण्डारण आदि सम्मिलित हैं। बैठक में एलडीएम जितेन्द्र चौधरी ने बताया कि फसली ऋण एवं किसान क्रेडिट कार्ड के तहत वित्तीय वर्ष 2022-23 में अब तक कुल 36545 खाते खोले गये, मत्स्य पालन के0सी0सी0 के तहत विभिन्न बैंकों में 181 के0सी0सी0 प्रगति पर है तथा पशुपालन के0सी0सी0 के तहत 1432 आवेदन स्वीकृत हो चुके हैं तथा 512 विभिन्न बैंको में प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत विभिन्न बैंको द्वारा अब तक 43 ऋण आवेदन व मुख्यमंत्री ग्राम रोजगार योजना के तहत 15 एवं मुख्यमंत्री माटीकला योजना के तहत 06 ऋण आवेदन स्वीकृत किया गया है। उन्होंने बताया कि वित्तीय समावेशन के अन्तर्गत प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत जनपद में कुल अब तक 07 लाख 46 हजार 68 खाते खोले जा चुकें है।

# 16 वी फिडे रेटिंग चैस चैंपियनशिप का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिला शतरंज स्पोर्ट्स एसोसिएशन कौशांबी और मोहन लाल इंटरनेशनल स्कूल सोखदा कौशांबी के संयुक्त तत्वावधान में 16 वी उत्तर प्रदेश फिडे रेटिंग चैस चैंपियनशिप का आयोजन मोहन लाल इंटरनेशनल स्कूल सोखदा इमामगंज में आयोजित हुआ जहां तमाम खिलाड़ियों ने भाग लिया और खेल में अलग-अलग 30 जिलों से कुल 150 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया है। 16 वी उत्तर प्रदेश फिडे रेटिंग चैस चैंपियनशिप के आयोजन में खिलाड़ियों ने भाग लिया रविवार को खेल के तीसरे चक्र की समाप्ति के परिणाम निम्न हैं पहले बोर्ड पर वाराणसी के दिनेश कुमार पाण्डेय ने अन्नत पनवार को दूसरे बोर्ड पर आगरा के संचय दुबे ने आगरा के गौरव भारद्वाज को तीसरे बोर्ड पर संचिता यादव और वाराणसी के दिलीप त्रिपाठी के बीच मैच ड्रॉ रहा चौथे बोर्ड पर लखनऊ के पृथ्वी सिंह ने झांसी के सुहेब अहमद को पांचवें बोर्ड पर नोएडा के अजय संतोष ने काले मोहरों से वाराणसी के अभिषेक मिश्रा को हराया छठा बोर्ड पर प्रयागराज स्पर्श यादव ने प्रयागराज संस्कृति यादव को हराया खेल सचिव ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रदेश से अलग अलग 30 जिलों से कुल 150 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं।



शतरंज खेल में शामिल खिलाड़ी।

# पुलिस की नाकामी से एक रात में 6 घरों में चोरी

### इलाके में बंद हुई पुलिस गश्त दहशत के साए में जी रहे हैं चरवा थाना क्षेत्र के ग्रामीण

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** अपराध मुक्त की बात करने वाली योगी सरकार में बढ़ते अपराध से आम जनता परेशान हो उठी हैं लगातार हो रहे अपराध से ग्रामीणों के अंदर दहशत और भय व्याप्त है लेकिन पुलिस लगातार गस्त करके घटनाओं पर रोक लगाने का प्रयास नहीं कर रही है ताजा मामला चरवा थाना क्षेत्र का है बीती रात आधा दर्जन घरों को चोरों ने निशाना बनाया है और बखूबी लाखो रुपए की चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर चोर निकल गए हैं पुलिस लकीर पीटती रह गई है किसी भी घटना का खुलासा पुलिस नहीं कर सकी है जिससे चरवा थाना पुलिस की नाकामी उजागर हो रही है।

घटनाक्रम के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के अमनी गांव निवासी पवन कुमार पुत्र छेदीलाल पासी ने मकान बनाने के लिए 2 कुंटल सरिया घर के बाहर रखा था बीती रात चोर सरिया उठा ले गए हैं पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को दी लेकिन पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है पूर्व में भी कई घटनाएं हो चुकी हैं पुलिस की लापरवाही के चलते चोरों के हौसले बुलंद हैं और घटनाओं के बाद चोरों के हौसले नहीं टूट रहे है बीती रात पहाड़पुर निवासी अशोक कुमार प्रजापति की एक भैंस चोर खोल ले जाने में कामयाब हो गए हैं इस मामले में पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है बलीपुर टाटा गांव से रामचन्द्र सरोज का एक डागर बेखौफ चोर खोल ले गए हैं चोरी की सूचना पीड़ित ने थाना पुलिस को दिया है बालीपुर टाटा गांव में दूसरी घटना को भी चोरों ने अंजाम दिया है गांव के शिवलोचन सरोज की एक पडिया चोरी कर ले जाने में चोर कामयाब हो गए हैं चक बादशाहपुर गांव से अवधेश यादव की एक भैंस को चोर खोल रहे थे लेकिन परिजन जाग गए और उन्होंने हल्ला मचाया जिस पर वह भैंस को नही ले जा पाए है भिखारी का पूरा राजेंद्र नगर निवासी मनुराज दुबे के नलकूप में तीन दिन पहले चोरों ने धावा बोलकर समरसेबल नलकूप की मोटर 120 मीटर केबल और सैकड़ों फिट पाइप चोर उठा ले गए हैं पीड़ित ने चरवा थाना पुलिस को सूचना दी है घटना का खुलासा पुलिस नहीं कर सकी है इलाके में बढ़ते अपराध से आम जनमानस दहशत के साए में जी रहा है लेकिन चरवा पुलिस रात में गश्त करके अपराधियों पर नकेल नहीं कस पा रही है सूत्रों की मानें तो गस्त करने वाली चरवा पुलिस आधी रात को बालू के ओवरलोड अवैध वाहन से वसूली करने में मस्त दिखाई पड़ रही है जिससे अपराधों पर रोक नहीं लग पा रही है।

# 30 जिलों के 150 खिलाड़ी शतरंज में ले रहे भाग

**कौशाम्बी।** जिला शतरंज स्पोर्ट्स एसोसिएशन कौशांबी और मोहन लाल इंटरनेशनल स्कूल सोखदा कौशांबी के संयुक्त तत्वावधान में 16वी उत्तर प्रदेश फिडे रेटिंग चैस चैंपियनशिप का आयोजन मोहन लाल इंटरनेशनल स्कूल सोखदा इमामगंज में खेली जा रही है आज पांचवें चक्र की समाप्ति के परिणाम में पहले बोर्ड पर उलटफेर हुआ है नोएडा के अजय संतोष ने वाराणसी के टाप शीटेट दिनेश कुमार पाण्डेय को दूसरे बोर्ड पर लखनऊ के पृथ्वी सिंह ने प्रयागराज के स्पर्श यादव को तीसरे बोर्ड पर आगरा के संचय दुबे ने वाराणसी के दिलीप त्रिपाठी को चौथा बोर्ड पर कानपुर के विकास निषाद ने आर्यन वर्मा को पांचवें बोर्ड पर मथुरा के शिवम् चौधरी ने जौनपुर के आलोक यादव को छठे बोर्ड पर वाराणसी के अभिषेक मिश्रा ने अभिषेक शंकर को सातवें बोर्ड पर श्रेष्ठ यादव ने आगरा के जितेंद्र शर्मा को हराया आठवां बोर्ड मनीष पाल और लोधी संजय कुमार के बीच ड्रॉ रहा सचिव ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रदेश से अलग अलग 30 जिलों से कुल 150 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं



शतरंज खेल में शामिल बच्चे।

संपादकीय

# बांग्लादेश में हसीना का विरोध ?

**बांग्लादेश** में भी शेख हसीना सरकार के खिलाफ उसी तरह प्रदर्शन होने शुरू हो गए हैं, जैसे कि श्रीलंका और म्यांमार की सरकारों के विरुद्ध हुए। म्यांमार की फौज ने वहां तो डंडे के जोर पर जनता को ठंडा कर दिया है लेकिन श्रीलंका की सरकार को चुनाव में मात खानी पड़ी है। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने दावा किया है कि उसके प्रदर्शनों में दस लाख लोग जमा हुए हैं और उन्होंने हसीना से इस्तीफा मांगा है। उनका कहना है कि 2024 में चुनाव होने तक ढाका में कोई कार्यवाहक सरकार नियुक्त की जाए। बीएनपी के सातों सांसदों ने अपने इस्तीफों की घोषणा कर दी। उन्होंने मांग की है कि चुनाव तुरंत करवाएं जाएं। शेख हसीना ने हर बार धांधली करके चुनाव जीता है। बीएनपी को बांग्लादेश के कट्टरपंथी मुस्लिम मौलानाओं और जमाते-इस्लामी का भी भरपूर समर्थन है। बांग्लादेश की बीएनपी की नेता बेगम खालिदा जिया ने घोषणा की है कि शेख हसीना सरकार के राज में महंगाई आसमान छू रही है, लोग बेरोजगार हो रहे हैं, विदेश व्यापार घट गया है और सरकार भारत के इशारों पर नाचने लगी है। वह बांग्लादेशी मुसलमानों के हितों का बिल्कुल भी ध्यान नहीं करती है। रोहिंग्या मुसलमानों पर म्यांमारी अत्याचार और भारतीय अन्याय पर हसीना सरकार की चुप्पी बहुत ही निंदनीय है। इन सब आरोपों के बावजूद खालिदा जिया की इस रैली के मुकाबले हसीना द्वारा आयोजित चिटगांव और कॉक्स बाजार की रैलियों में कई गुना लोग शामिल हुए थे। 10 दिसंबर को मानव अधिकार दिवस पर आयोजित इस बीएनपी रैली का उद्देश्य यह भी था कि उसे अमेरिका और यूरोपीय देशों का सहयोग भी मिलेगा लेकिन इन देशों के कई नेताओं और अखबारों ने खालिदा की पार्टी और जमात पर उनके शासन काल में भ्रष्टाचार और आतंकवाद फैलाने के आरोप लगाए थे। इन दोनों पार्टियों को बांग्लादेश की जनता पाकिस्तानपरस्त समझती है। 1971 में पाकिस्तानी फौज के द्वारा की गई हत्याओं, अत्याचार और बलात्कार को बांग्ला जनता अभी भी पूरे दर्द के साथ याद करती है। भारत के प्रति आम बांग्लादेशी जनता में अभी भी आभार का भाव है। भारत ने बहुत-से टापू ढाका को दे दिए थे, यह भी भारत की उदारता है। प्राकृतिक आपदाओं के दौरान भारत सरकार ने बांग्लादेशियों की सहायता उसी उत्साह से की है, जैसी वह अपने नागरिकों की करता है।

# बिना लड़े कांग्रेस कैसे जितेगी?

शकील अख्तर

**गुजरात** कांग्रेस ने अपनी उसी भाग्यवादी, तदर्थवादी, लापरवाह नीति की वजह से इतनी बुरी तरह से हारा है। हिमाचल की जीत अच्छी है। मगर क्या उसे जीतने के लिए गुजरात इतनी बुरी तरह हारना जरूरी था? कांग्रेस 2014 इतनी बुरी तरह क्यों हारी? 2019 तो ठीक है फिर मोदी जी ने कोई मौका दिया ही नहीं। मगर अभी पंजाब और उत्तराखंड क्यों हारे? पंजाब बेमतलब के प्रयोगों में गंवाया। और उत्तराखंड हरीश रावत के बेवजह दबाव में आकर। हर पार्टी का अपना एक चरित्र स्वभाव होता है। कांग्रेस का क्या है? भाग्यवादी! 2014 का लोकसभा चुनाव याद कीजिए! लड़े ही नहीं। जो पार्टी दस साल केन्द्र की सत्ता में रही हो। दिल्ली में 15 साल से शासन रहा हो। असम में भी इतना ही। हरियाणा में दस साल। और भी कई जगह सरकारें। वो पार्टी अगर 2014 का लोकसभा लड़ती। लड़ती सी दिखती तो भी उसकी कम से कम सौ सीटें कहीं गई नहीं थीं। मगर आईं कितनी 44! भारी शर्मनाक। मगर कांग्रेस में शर्म किस को आती है? और फिर इसके सलाहकार। हार होती नहीं है कि नेता को हार स्वीकार करने के लिए मीडिया के सामने ले आते हैं। पता नहीं इन्हें किसने बता दिया कि हार की जिम्मेदारी मीडिया के सामने स्वीकार करना फर्ज होता है। शान की बात होती है। कोई बेसिक सिद्धांत होता है! 2014 में सोनिया गांधी जो उस समय कांग्रेस अध्यक्ष थीं उनके साथ राहुल गांधी को भी ले आए। 2019 में राहुल अमेठी में हारे नहीं थे। उससे पहले उन्हें कांग्रेस मुख्यालय लाकर उनसे हार स्वीकार करवा ली। वहां मतगणना चल रही थी। कुछ वोट और राहुल को मिलते। मगर जब आदमी हार स्वीकार कर लेता है तो माहौल एकदम निराशाजनक हो जाता है। गिनती में भी कुछ वोट इधर के उधर चले जाते हैं। एक वाकया याद आता है। शायद 2005 का विधानसभा चुनाव था। लालू यादव बड़े जोर शोर से अपनी जीत के दावे कर रहे थे। मतदान हो गया फिर भी दम से। हालत खराब लग रही थी। मगर मतगणना से पहले वही आत्मविश्वास। खैर नतीजे आए। और लालू की पार्टी हार गई। तो उनसे पूछा कि सबको लग रहा था। क्या आपको अहसास नहीं था कि हार रहे हैं। उन्होंने कहा था। तो क्या कार्यकताओं का मनोबल तोड़ देते? अगर मतगणना से पहले बोल देते तो क्या जितने वोट गिने गए उतने गिने जाते? यह भारतीय चुनाव व्यवस्था की सच्चाई है। यहां नेता की हिम्मत और कार्यकर्ता के आत्मविश्वास से मतदान केन्द्र की गिनती तक में फर्क पड़ता रहता है। एक सच्ची घटना और बताते हैं। 1977 के लोकसभा चुनाव कांग्रेस हार गई थी। जनता पार्टी ने कई विधानसभाएं भंग करके वहां चुनाव करवा दिए। मध्य प्रदेश में हुए। लोकसभा हारने के बाद कांग्रेस के हौसले पस्त थे। वहां एक विधानसभा दतिया में गिनती के दौरान जनता पार्टी के उम्मीदवार और उनके काउंटिंग ऐजेन्टों के हौसले बहुत बड़े हुए थे। कांग्रेस विरोध नहीं कर पा रही थी। चुनाव अधिकारी जो कलेक्टर होते हैं वह सरकार बदलने के बाद सामान्यतः सत्ता पक्ष की तरफ झुक जाते हैं। वहां उस समय बड़े युवा कलेक्टर थे।

# स्त्री अत्याचारों से जुड़ी चिन्ताओं की टंकार

ललित गर्ग

**इन दिनों** स्त्रियों के घरेलू जीवन में उन पर अत्याचार बढ़ते जा रहे हैं। विशेषतः कोरोना महामारी के लॉकडाउन के दौरान एवं उसके बाद महिलाओं पर हिंसा, मारपीट एवं प्रताड़ना की घटनाएं बढ़ी हैं। ऐसी ही पीलीभीत की एक घटना ने रोंगटे खड़े कर दिये। खाने में बाल निकलने के बाद पत्नी को पीलीभीत के युवक जहीरुद्दीन ने जिस बेरहमी, बर्बरता एवं क्रूरता से मारा, जमीन पर गिरा दिया, घर में रखी बाल काटने वाली मशीन (ट्रिमर) को पत्नी के सिर पर चला दिया, इन दुभाग्यपूर्ण एवं शर्मसार करने वाली नृशंसता की घटना की जितनी निन्दा की जाये, कम है। स्त्री को समानता का अधिकार देने और उसके स्त्रीत्व के प्रति आदर भाव रखने के मामले में आज भी पुरुषवादी सोच किस कदर समाज में हावी है,क इसकी पीलीभीत की यह ताजा घटना निन्दनीय एवं क्रूरतम निष्पत्ति है। दुभाग्यपूर्ण पहलू यह है कि जब एक स्त्री पर यह अनाचार हो रहा था तो दूसरी स्त्री यानी उसकी सास भी खड़ी थी और उसके बचाव में नहीं आई। जब उक्त युवक को अपने अपराध का अहसास हुआ तो भी वह पश्चाताप करने के बजाय पत्नी को ऐसे ही बंधा छोड़कर फरार हो गया। रह-रह कर समाज में घटित हो रही ये महिला अत्याचार, हिंसा, उत्पीड़न की घटनाएं चिन्तित करती एवं इन पर नियंत्रण के लिये कुछ प्रभावी कदमों की जरूरत व्यक्त करती है।

यह देखना भी दिलचस्प है कि जहां साल में दो बार लड़कियों को महत्व देने के लिए उसे पूजने के पर्व मनाए जाते हों, वहां लड़कियों को दोयम दर्जे का मानने वाले भी बहुत हैं, महिलाओं के अस्तित्व एवं अस्मिता को नौंचने वाले भी कम नहीं है, आये दिन ऐसी घटनाएं देखने और सुनने को मिलती हैं कि किस तरह आज भी महिलाओं के साथ हिंसा एवं अत्याचार किया जाता है। जबकि आधुनिक होते भारत में महिलाओं ने अपने प्रयास के दम पर कई उपलब्धियां हासिल की हैं। यह देखकर गर्व होता है लेकिन जब ऐसी घटनाएं होती हैं, जैसी पीलीभीत में हुई, तो यह सोचने को विवश होना पड़ता है कि समाज की वास्तविकता क्या है?

महिला समानता आज का सच है या अपवाद? प्रगति के प्रतिमान लिखने वाली महिलाएं हमारे समाज का वास्तविक सच हैं या वह, जो पीलीभीत की पीड़िता के साथ हुआ। इस पर गंभीरता से चिंतन करना होगा।



महिलाओं के प्रति यह संवेदनहीनता एवं बर्बरता कब तक चलती रहेगी? भारत विकास के रास्ते पर तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन अभी भी कई हिस्सों में महिलाओं को लेकर गलत धारणा है कि महिलाएं या बेटियां परिवार पर एक बोझ की तरह हैं। एक विकृत मानसिकता भी कायम है कि वे भोग्य की वस्तु है? उन्हें पांव के नीचे रखा जाना चाहिए।

यों यह घटना आए दिन होने वाले जघन्य अपराधों की ही अगली कड़ी है, मगर यह पुरुषवादी सोच और समाज के उस ढांचे को भी सामने करती है, जिसमें महिलाओं की सहज जिंदगी लगातार मुश्किल बनी हुई है, संकटग्रस्त एवं असुरक्षित है। भले ही महिलाओं ने अपनी जंजीरों के खिलाफ बगावत कर दी है, लेकिन देश में ऐसा वर्ग भी है जहां आज भी महिलाएं अत्याचार का शिकार होती है। भले एक खास महिला वर्ग ने आर्थिक मोर्चे पर आजादी हासिल की है, लेकिन एक बड़ा महिला वर्ग आज भी पुरुषप्रधान समाज की सोच की शिकार है। ऐसा कायम है तभी आजादी के अमृत महोत्सव मना चुके राष्ट्र की तमाम महिलाएं मुझे पति और पति के परिवार से बचाओ की गुहार लगातीं हुई दिखाई देती है। इसलिये कि उन्हें सदियों से चली आ रही मानसिकता, साजिश एवं सजा के द्वारा भीतरी सुरंगों में धकेल दिया जाता है, अत्याचार भोगने को विवश किया जाता है।

महिलाएं सभी समाजों, सभी देशों और सभी कालों में महत्वपूर्ण भूमिका में रही है। चाहे वेदों की बात करें, जो महिलाओं को पूजनीय बताते हैं, या गांधीजी की बात करें जो उन्हें परिवार की धूरी बताते हैं, हर समय महिलायें महत्वपूर्ण रही हैं। वेद कहते हैं कि वह व्यवस्था सबसे उत्तम है, जहां महिलाओं का सम्मान होता है। गांधीजी मानते थे कि अगर पूरे परिवार को और आगे आने वाली पीढ़ी को सुसंस्कृत बनाना है, तो केवल उस परिवार की महिलाओं को शिक्षित कर देना चाहिये। साल 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरूआत हरियाणा के पानीपत जिले से की थी। इसके बाद भ्रूण हत्या को समाप्त करने व महिलाओं से जुड़े तमाम महत्वपूर्ण मुद्दों पर पुरुष मानसिकता में व्यापक परिवर्तन आया है। लेकिन व्यापक परिवर्तन ही नहीं, आमूल-चूल परिवर्तन की जरूरत है। प्रश्न है कि घर की चार-दीवारी के भीतर महिलाओं पर अत्याचार का सिलसिला कब रूकेगा?

आखिर कब तक महिलाओं की छोटी-छोटी भूलों के लिये पुरुष उनको पिटते रहेंगे? क्यों हर कदम पर पुरुष व्यवस्था द्वारा लगाये गये नियमों के पालन में थोड़ी-सी कोताही उसे अपराधिनी सिद्ध करने का आधार बनती रहेगी। सेवा, श्रम और सेक्स-ये तीन बातें स्त्री के जीवन के आधार स्तंभ है, जो उसे परिवार और पति के ... लिये समर्पित करने हैं। इनमें तनिक चूक के लिये वह हिंसा की शिकार बना दी जाती है। लेकिन इन अत्याचारों को सहते-सहते स्त्री टूट चुकी है।

> आखिर कब तक महिलाओं की छोटी-छोटी भूलों के लिये पुरुष उनको पिटते रहेंगे? क्यों हर कदम पर पुरुष व्यवस्था द्वारा लगाये गये नियमों के पालन में थोड़ी-सी कोताही उसे अपराधिनी सिद्ध करने का आधार बनती रहेगी। सेवा, श्रम और सेक्स-ये तीन बातें स्त्री के जीवन के आधार स्तंभ है

आज त्याग की जंजीरें और सहने की ताकत की कड़ियां बिखर चुकी है। स्त्री का विद्रोही स्वरूप सामने आ रहा है, विवाह का विधान डगमगाने लगा है, समाज के सामने खतरे की घंटी बज रही है। आखिर इसका जिम्मेदार पुरुष ही है, उसके बढ़ते अत्याचार है, स्त्री को दोयम दर्जा मानने की मानसिकता है। ऐसी मानसिकता चाहे पीलीभीत में कहर ढाये या अन्यत्र। असर पूरे महिला समाज पर होता है। सवाल यह है कि औरत को तरह-तरह से घेरने वाली सजायें एवं जुल्म जब गुजरते हैं तो ऐसा तो होता ही रहता है की मान्यता अब स्त्री को स्वीकार्य नहीं है। जुल्म भले एक महिला को झेलना पड़े लेकिन अनेक महिलाएं उससे जागरूक हो जाती है, कमर कस लेती है। निश्चिय ही यह पुनः एक प्रश्न को जन्म देता है कि क्या महिलायें अभी भी दोयम दर्जे की है?

नरेन्द्र मोदी की पहल पर निश्चित ही महिलाओं पर लगा दोयम दर्जा का लेबल हट रहा है। हिंसा एवं अत्याचार की घटनाओं में भी कमी आ रही है। बड़ी संख्या में छोटे शहरों और गांवों की लड़कियां पढ़-लिखकर देश के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। वे उन क्षेत्रों में जा रही हैं, जहां उनके जाने की कल्पना तक नहीं की जा सकती थी। वे टैक्सी, बस, ट्रक से लेकर जेट तक चला-उड़ा रही हैं। सेना में भर्ती होकर देश की रक्षा कर रही है। अपने दम पर व्यवसायी बन रही हैं। होटलों की मालिक हैं। बहुराष्ट्रीय कंपनियों की लाखों रुपये की नौकरी छोड़कर स्टार्टअप शुरू कर रही हैं। वे विदेशों में पढ़कर नौकरी नहीं, अपने गांव का सुधार करना चाहती हैं। अब सिर्फ अध्यापिका, नर्स, बैंकों की नौकरी, डॉक्टर आदि बनना ही लड़कियों के क्षेत्र नहीं रहे, वे अन्य क्षेत्रों में भी अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। इस तरह नारी एवं बालिका शक्ति ने अपना महत्व तो दुनिया समझाया है, लेकिन नारी एवं बालिका के प्रति हो रहे अपराधों में कमी न आना, घरेलू हिंसा का बढ़ना- एक चिन्तनीय प्रश्न है। सरकार ने सख्ती बरती है, लेकिन आम पुरुष की सोच को बदलने बिना नारी एवं बालिका सम्मान की बात अधूरी ही रहेगी। इस अधूरी सोच को बदलना नये भारत का संकल्प हो, इसीलिये तो इस देश के सर्वोच्च पद पर द्रौपदी मुर्मू को आसीन किया गया हैं। वह प्रतिभा पाटिल के बाद देश की दूसरी महिला राष्ट्रपति हैं।

अमेरिका आज तक किसी महिला को राष्ट्रपति नहीं बना सका, जबकि भारत में इंदिरा गांधी तो 1966 में ही प्रधानमंत्री बन गई थीं। असल में, यही तो स्त्री शक्ति की असली पूजा है।

अब स्त्री शक्ति के प्रति सम्मान भावना ही नहीं, सह-अस्तित्व एवं सौहार्द की भावना जागे, तभी उनके प्रति हो रहे अपराधों में कमी आ सकेगी। तभी पीलीभीत जैसी बर्बर मानसिकता पर विराम लग सकेगा।

# अमेरिका का बयान - दुनिया हैरान

किशन भावनानी

**वैश्विक** स्तरपर भारत की बढ़ती हुई प्रतिष्ठा, हाल ही में मिली जी-20 की अध्यक्षता, अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बढ़ती भारत के रुतबे का सैलाब, रूस यूक्रेन युद्ध में भारतीय हस्तक्षेप से सहयोगजनक साथ की विश्व को अपेक्षा, विश्व के प्रमुख नेताओं के भारतीय सत्कार के प्रति बॉडी लैंग्वेजेस, भारत में बढ़ता हुआ वैश्विक विनियोग और दिनांक 11 दिसंबर 2022 को व्हाइट हाउस से आए बयान से दुनिया में हड़कंप मच गया है, दुनिया हैरान हुई है! खासकर के पड़ोसी और विस्तारवादी देशों को हैरानी हुई होगी कि यह कैसे हो सकता है कि भारत कुछ ही वर्षों में इतनी तेजी के साथ विकास की पटरी बिछाकर अर्थव्यवस्था इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य, वाणिज्य, परिवहन, विदेशनीति सहित सभी क्षेत्रों की ट्रेन तेजी से उस पटरी पर दौड़ाकर डेडलाइन से पहले ही लक्ष्यों को प्राप्त करते हैं,और अभी विजन 2047, 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था,विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था का लक्ष्य सहित अनेक विजन लेकर भारत दूरगामी परिणामों के रणनीतिक रोडमैप बिछा दिए हैं और उनमें आरही दिक्कतों को दूर करने में भी भिढ़ गए हैं जैसे अनेक संकटों और मुद्दों से विरोधी देश हैरान हैं।जबकि हम अपना काम अपनी मौज में रहते हम अपनी भारतीय संस्कृति सभ्यता के दायरे में रहकर कर रहे हैं जो तारीफे काबिल है।चूंकि व्हाइट हाउस के बयान ने विश्व में भारत को चर्चा में ला दिया है,इसीलिए आज हम मीडिया में आई जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे कि भारत तरक्की की बुलंदियों को छू रहा है और तेजी से उभरती हुई विश्व की महाशक्ति है। जो व्हाइट हाउस के बयानों की धरातल पर वास्तविकता भी है। साथियों बात अगर हम व्हाइट हाउसके एक शीर्ष अधिकारी से एक कार्यक्रम में पूछे गए सवाल के जवाब में आए बयान की करें तो, अमेरिका ने भारत को लेकर दिए एक बयान से न सिर्फ दुनिया को हैरान कर दिया है बल्कि पड़ोसी और विस्तारवादी देश की भी टेंशन बढ़ा दी हैं। अमेरिका ने कहा कि भारत अब अमेरिका का सिर्फ सहयोगी ही नहीं है, बल्कि वह तेजी से उभरती हुई विश्व की महाशक्ति है। व्हाइट हाउस ने माना है कि पीएम के नेतृत्व में भारत दिनों-दिन दुनिया पर अपनी अलग धाक जमा रहा है। अमेरिका के इस बयान से विस्तारवादी दे को टेंशन हो गई होगी। वहीं पड़ोसी मुल्कों में खलबली मची होगी। एक सिक्योरिटी फोरम में भारत को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में ह्वाइट हाउस के शीर्ष अधिकारी ने कहा कि भारत ने सामिरक और आर्थिक दोनों क्षेत्रों में बड़ी तरक्की की है।तकनीकि,स्वास्थ्य और अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत नई इबारतें लिख रहा है। मेक इन इंडिया और स्टार्ट अप इंडिया ने भारत की अर्थव्यवस्था को नई रफ्तार दी है। इससे भारत दुनिया की सबसे बड़ी पांचवीं अर्थ व्यवस्था बन गया है।

साथियों अमेरिका ने कहा है कि पिछले करीब 20 वर्षों से भारत के साथ हमारे रिश्तों में बहुत मजबूती आई है। अब यह रिश्ता धीरे-धीरे और प्रगाढ़ हो रहा है। पीएम के नेतृत्व में भारत तरक्की की बुलंदियों को छू रहा है।दुनिया कासबसे बड़ा लोकतंत्र अब सिर्फ अमेरिका का सहयोगी ही नहीं रहा, बल्कि वह अब विश्व की तेजी से उभरती महाशक्ति बन रहा है। उन्होंने कहा कि यही वजह है कि अमेरिका और भारत के रिश्ते जितने अधिक गहरे हुए हैं, वैसा संबंध अमेरिका का अन्य किसी देश के साथ इस दौरान नहीं हुआ है। अब अमेरिका को भारत को अपना मित्र बताने में गर्व की अनुभूति होती है। व्हाइट हाउस के अधिकारी के इस बयान ने विसरवादी देश के राष्ट्रपति और पड़ोसी मुल्कों के प्रधानमंत्री को तनाव में ला दिया होगा। विस्तारवादी देश नहीं चाहता है कि भारत की वैश्विक मंच पर इस तरह की तारीफ हो। वहीं पड़ोसी मुल्क भारत के बढ़ते प्रभुत्व को लेकर परेशान हो सकता है। साथिया बात अगर हम उक्त बयान की वास्तविकता के समर्थन में उपलब्ध जानकारी को देखें तो, आज भारत के अर्थव्यवस्था, पर्यावरण, विदेशनीति, राष्ट्रीय सुरक्षा, मानव पूंजी, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में जो बदलाव हो रहे हैं,भौतिक संसाधनों के अलावा भारत के पास सॉफ्ट पावर का भी विशाल खजाना है, इनमें से कुछ हैं, बॉलीवुड, भारतीय भोजन, क्रिकेट और योग की जन्मस्थली होने जैसी वैश्विक ब्रांड, इनके कारण विश्वभर में भारत की पहचान निरंतर बढ़ती जा रही है और सुदूर भविष्य में वह अमरीका और विस्तारवादी देश के समकक्ष आने में भी सक्षम है। साथियों भारत की आर्थिक और सैन्य शक्ति को बढ़ाने में देश की विशाल आबादी (भारत पूरी दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाला दूसरा देश है और 2030 तक सबसे अधिक आबादी वाला पहला देश हो जाएगा) और (दुनिया में सातवें सबसे बड़े) विशाल आकार वाला देश बन जाएगा। इसके कारण मौजूदा वैश्विक रैंकिंग को बनाये रखने और उसमें सुधार लाना संभव हो जाएगा।

खास तौर पर जहाँ तक जनसांख्यिकी का संबंध है, भारत अमरीका और विस्तारवादी देश (और निश्चय ही यूरोपीय संघ) की तुलना में कहीं अधिक युवा देश है। इससे यह स्पष्ट होता है कि इसके पास श्रमिकों की इतनी बड़ी तादाद है कि यह कई दशकों तक अपने आर्थिक और सैन्य कौशल को बरकरार रख सकता है। हाल ही के दशकों में भारत धीरे-धीरे अंतर्राष्ट्रीय सोपान पर ऊपर चढ़ता जा रहा है और इसके कारण विश्व की एक प्रमुख महाशक्ति के रूप में इसका वैश्विक प्रभाव भी नजर आने लगा है। साथियों पिछले चार दशकों में विस्तारवादी देश एक जबर्दस्त ताकत के रूप में उभरकर सामने आया है और इसके साथ-साथ भारत ने भी काफी ऊँचाइयाँ हासिल कर ली हैं. इसके कारण विश्व की आर्थिक शक्ति का केंद्र यूरोप और उत्तर अमरीका से हटकर एशिया की ओर स्थानांतरित होने लगा है। साथ ही साथ एशिया की इन दोनों महाशक्तियों के उभरने के कारण सच्चे अर्थों में एशिया-शताब्दी की शुरूआत होने लगी है।इस शताब्दी में एशिया की ये महाशक्तियाँ न केवल अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों कीरूपरेखा का निर्धारण और निर्देशन करेंगी, बल्कि अंततः उसे परिभाषित भी करेंगी। साथियों समसामयिक वैश्विक राजनीति में भारत की बढ़ती भूमिका का एक कारण आर्थिक क्षेत्र में उसकी सफलता है। महाशक्ति की अन्य साधन-सामग्री के अनुरूप भारत के पास विशाल और निरंतर बढ़ती सैन्य-शक्ति है।

विश्लेषक मानते हैं कि भारत 2030 तक विश्व की तीसरी सबसे बड़ी सैन्यशक्ति बन जाएगा, भारत की ऊर्जा सुरक्षा और व्यापार संबंधी सुरक्षा की आवश्यकताओं की दृष्टि से इस प्रकार की क्षमताओं के विकास से भारत की रणनीतिक पहुँच उत्तरोत्तर बढ़ती जाएगी।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि अमेरिका का बयान- दुनिया हैरान। भारत अब अमेरिका का सहयोगी नहीं बल्कि तेजी से उभरती हुई विश्व की महाशक्ति है। भारत तरक्की की बुलंदियों को छू रहा है और तेजी से उभरती हुई विश्व की महाशक्ति है।

# गुजरात में भाजपा की जीत 2024 के चुनाव का संकेत कदापि नहीं

नित्य चक्रवर्ती

**राहुल** गांधी अपनी भारत जोड़ो यात्रा के साथ आगे बढ़ रहे हैं जो अपने चौथे महीने में प्रवेश कर चुकी है। यात्रा में लगभग दो महीने और लगेंगे जो अगले साल फरवरी के पहले सप्ताह में समाप्त होने वाली है। राहुल इस यात्रा को आरएसएस के खिलाफ दीर्घकालीन वैचारिक लड़ाई के हिस्से के रूप में देख रहे हैं, अल्पावधि में चुनावी लाभ के बारे में ज्यादा चिंता किए बिना। गुजरात चुनाव के परिणामों ने उनकी समझ को विचलित नहीं किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने गृह राज्य गुजरात के विधानसभा चुनाव में भाजपा को भारी जीत दिलाई है, तथा कांग्रेस को महात्मा गांधी के राज्य में सबसे खराब आपदा का सामना करना पड़ा। लेकिन जिस तरह से पीएम सहित भाजपा नेताओं और राष्ट्रीय मीडिया नतीजों को कांग्रेस के अंत और 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा की संभावित जीत के रूप में पेश कर रहे हैं, उसका पर्याप्त आधार नहीं है। वास्तव में, हाल के दो विधानसभा चुनावों और एमसीडी चुनावों का सबक यह है कि भाजपा, प्रधान मंत्री सहित अपने शीर्ष नेताओं को चुनाव अभियान में उतारकर और बड़े पैमाने पर संसाधनों को उड़ेलने के बावजूद, दिल्ली में आप और हिमाचल में कांग्रेस के हाथों बुरी तरह हार गई। गुजरात पहले से ही भाजपा के पास था और राज्य में कांग्रेस संगठन के मामले में बुरी स्थिति में थी। ऊपर से कांग्रेस के केन्द्रीय नेतृत्व से प्रदेश कांग्रेस को बहुत कम मदद मिली और राहुल गांधी ने मात्र एक दिन छोड़कर अभियान में लगभग हिस्सा नहीं लिया। यह अवश्य है कि विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के वोटों का बड़ा क्षरण कांग्रेस नेतृत्व के लिए चिंता का कारण है। लेकिन गुजरात एक अलग मामला है, जिसकी तुलना उत्तर प्रदेश को छोड़कर भारत के अन्य राज्यों से नहीं की जा सकती है, जो हिंदुत्व के प्रयोग की सफलता के गवाह बने हुए हैं। ऐसे में हिमाचल के नतीजे कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण हैं। कांग्रेस को एक हिंदी भाषी राज्य वापस मिल गया है। विधानसभा चुनाव में पिछले चार साल में कांग्रेस की यह पहली जीत थी। हिमाचल कांग्रेस के नेताओं के लिए यह वास्तव में श्रेयस्कर है कि उन्होंने मोदी के रथ का सामना किया और जीत हासिल की। हिमाचल की यह जीत मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के राज्य विधानसभा चुनावों में भाजपा के खिलाफ लड़ाई में कांग्रेस के लिए एक सकारात्मक संकेत है।

कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा इस सप्ताह संसद में बुलाई गई रणनीतिक बैठक में तृणमूल और आप दोनों शामिल हुए। लंबे समय से ये दोनों पार्टियां सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी के तौर पर कांग्रेस की ओर से बुलाई जाने वाली बैठकों से परहेज कर रही थीं। अब इस जुड़ने का मतलब यह है कि इन दोनों दलों में कुछ पुनर्विचार हुआ है कि राष्ट्रीय पटल पर भाजपा और मोदी सरकार से लड़ने के लिए कांग्रेस के साथ एक समझ जरूरी है। विधानसभा चुनाव के नवीनतम परिणामों के बाद विपक्षी दलों के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि कोई तीसरा मोर्चा नहीं होना चाहिए। केवल एक भाजपा विरोधी मोर्चा होगा और उसमें कांग्रेस भी शामिल होगी। लेकिन इसका मतलब कोई एक संयुक्त चुनावी मोर्चा नहीं है। भाजपा विरोधी चुनावी मोर्चा अलग-अलग राज्यों में भाजपा-विरोधी दलों की ताकत और जमीनी हकीकत के आधार पर अलग-अलग होगा। राहुल गांधी अपनी भारत जोड़ो यात्रा के साथ आगे बढ़ रहे हैं जो अपने चौथे महीने में प्रवेश कर चुकी है। यात्रा में लगभग दो महीने और लगेंगे जो अगले साल फरवरी के पहले सप्ताह में समाप्त होने वाली है। राहुल इस यात्रा को आरएसएस के खिलाफ दीर्घकालीन वैचारिक लड़ाई के हिस्से के रूप में देख रहे हैं, अल्पावधि में चुनावी लाभ के बारे में ज्यादा चिंता किए बिना। गुजरात चुनाव के परिणामों ने उनकी समझ को विचलित नहीं किया है। वे यात्रा के दीर्घकालिक प्रभाव के बारे में सोच रहे हैं जब अधिक से अधिक गैर-राजनीतिक लोग कांग्रेस के आदर्शों का चुनाव करेंगे। यदि ऐसा होता है, तो यह समग्र रूप से विपक्ष के लिए अच्छा होगा क्योंकि अभी भी कांग्रेस अधिकांश राज्यों में चुनावी रूप से भाजपा का मुकाबला करने वाली मुख्य राजनीतिक पार्टी है। अहम बात यह है कि चुनाव से पहले किसी विपक्ष के नेता को प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के तौर पर पेश करने की जरूरत नहीं है।

## 'द' से दाढ़ी, म से मूँछ

डॉ. सुरेश कुमार

**व्याकरण** दाढ़ी-मूँछों का लिंग बता देता है और राजनीति उनका धर्म। दाढ़ी और मूँछ के बालों ने न जाने कब अपनी पार्टी बना ली हमें खबर ही नहीं हुई। उगते तो ये चेहरे पर ही हैं लेकिन इनका धर्म आँखों के रास्ते से होते हुए कब वोट बटोरने का बहाना बन जाते हैं, इसका पता किसी राज्य में किसी की सरकार बनने और गिरने से चलता है। इन बालों में बड़ा दम है। बुरे को अच्छा और अच्छे को बुरा बताने की ताकत रखते हैं। थोबड़े में इनके उगने भर की खुराक हो तो कहने ही क्या। किसी को महान और किसी को शैतान बनाने का माद्दा रखते हैं। मैं दाढ़ी-मूँछ के बालों से पूछना चाहता हूँ कि कब से तुम धर्म के नाम पर उगने लगे हो। मैं यह शिकायत इसलिए नहीं कर रहा हूँ कि तुम मेरे चेहरे पर नहीं उगते। दूसरों के चेहरों पर उगते हो इसलिए भी नहीं। तुम्हारे उगने से मुझे कोई दिक्कत नहीं है। उगो।

खूब उगो। जितना उगना चाहते हो उतना उगो। यहाँ थोबड़ों की कमी थोड़े न है। एक माँगोगे तो सौ मिल जायेंगे। लेकिन यह बताकर उगो कि तुम किस धर्म के हो। कम से कम हम तुम्हें उस चश्मे से देख तो सकें। पता चला हम जिसे ह्यकह्ल धर्म समझते रहे थे वह तो ह्यखह्ल धर्म निकला। इससे तो मामला गड़बड़ा जाएगा। मानता हूँ कि मैं बुद्धिजीवी नहीं हूँ। लेकिन बुद्धिजीवी की तरह ढोंग करने में किसी से कम नहीं हूँ। ऐसे में तुम्हारा असली बुद्धिजीवियों के साथ छल-कपट तो चल जाएगा, लेकिन हम जैसे नकली बुद्धिजीवियों का क्या होगा जिनकी बहुत बड़ी आबादी इधर-उधर हर जगह फैली है। दाढ़ी-मूँछ से मेरी एक छोटी सी गुजारिश है।

## फटाफट खबरें

### किसान ने स्कूल में बने दो अतिरिक्त कक्षों पर लगाया ताला, 9 साल से किसान और स्कूल के बच्चे परेशान अधिकारी नहीं कर पा रहे समाधान

**अखंड भारत संदेश**

**उन्नाव बांगरमऊ ।** तहसील बांगरमऊ के विकास खण्ड गंज मुरादाबाद का है मामला ग्राम सभा बरौकी में स्कूल में बच्चों की संख्या अधिक होने से दो अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कराया गया था लेकिन इसके लिए स्कूल या आसपास कोई भी सरकारी जमीन नहीं थी जिस पर अतिरिक्त कक्षों को बनाया जा सके लेकिन वही पर 40 मीटर की दूरी पर किसान अमृतलाल की भूमि को शिक्षा विभाग ने चयनित किया था जिसमें शिक्षा खंड विकास अधिकारी अरविंद कुशवाहा और प्रधान शिक्षक सुन्दर लाल ने अमृतलाल को भूमि के बदले भूमि दिलाने की बात कही गई थी तब किसान ने स्कूल के नाम पर जमीन दे दी थी 4.2 लाख रुपए की लागत से दो अतिरिक्त कक्षों का निर्माण किया गया था जिसमें स्कूल के बच्चों को बैठाया जाना था लेकिन आज तक कोई भी अतिरिक्त कक्षों में नहीं बैठा वजह अमृतलाल को मिलने वाली भूमि आज तक नहीं मिली है इसी बात से नाराज अमृतलाल ने दोनों कक्षों पर अपने ताले लगा दिए हैं और यह सन् 2013 से ऐसे ही बन्द पड़े हैं अमृतलाल ने इस विषय पर उच्च अधिकारियों से शिकायत भी की गई मगर कुछ असर नहीं हुआ इस विषय पर अधिकारियों से बात करने पर पता चला कि उस समय जो भी अधिकारी ने भूमि के बदले भूमि देने की बात किन किन शर्तों पर थी हमको यह जानकारी नहीं है ।

### खाना बनाते समय आग से झुलसी किशोरी, हालत गंभीर, परिजनों ने कम्बल डालकर आग को बुझाया गया

**अखंड भारत संदेश**

**उन्नाव बांगरमऊ ।** बांगरमऊ क्षेत्र के गांव एकडला में खाना बना रही किशोरी आग की चपेट में आने से काफी झुलस गई है एकडला गांव निवासी सोनेश्वर की बेटी गुड़िया (16) घर में खाना बना रही थी बाकी सब घर के बाहर थे अचानक बहुत तेज आवाज सुनाई पडी परिजनों ने दौड़ कर घर के अन्दर देखा कि गुडिया आग में धूं धूं कर जल रही थी परिजनों ने कम्बल डालकर आग बुझाई और आनन फानन में बांगरमऊ स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां पर डाक्टरों ने देखा कि गुडिया करीब हर जगह पर जली है बाड़ी 70-80%जल चुकी हैं डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया जिसे परिजनों ने उसे उन्नाव लेकर गए हैं

उधर गांव के लोगों की अपनी अपनी बात कहते नजर आएं लेकिन खुलकर बोलने कोई भी व्यक्ति नहीं आया जब एक दो लोगों से बात करनी चाही तो वह बोलें मेरा घर तो दूर है, कोई कहता मैं मौके पर नहीं था इसी प्रकार से सभी लोग प्रतिक्रियाएं दें रहें थे ।

### बाइक सवार भाइयों को पिकअप ने रौंदा, एक की मृत्यु

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मारकुण्डी थाना क्षेत्र में किराने की फेरी लगा रहे दो बाइक सवार भाइयों को पिकअप ने रौंद डाला। हादसे में एक भाई की मृत्यु हो गई, दूसरा गम्भीर रुप से घायल हो गया। पिकअप चालक फरार हो गया। पुलिस ने पिकअप को जब्त कर थाना परिसर में खडा कर दिया है।

ये हादसा सोमवार को हुआ। बताया गया कि मानिकपुर थाने के पटेल नगर के कल्लू व भाई जयकिशन फेरी लगाने को मारकुण्डी गये थे। मैहर से सब्जी लेकर आ रही पिकअप ने दोनो बाइक सवार भाइयों को मारकुण्डी रोड के किनारे जोरदार ठोकर मार दी। इससे दोनों बाइक सवार गिर गये। जयकिशन (25) की मौके पर मृत्यु हो गई। दूसरा भाई कल्लू गम्भीर रुप से घायल हो गया।

टक्कर मारने के बाद चालक पिकअप लेकर मौके से फरार हो गया। मारकुण्डी थाना प्रभारी व मानिकपुर थाना प्रभारी वीर प्रताप सिंह की टीम ने पिकअप को मानिकपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन परिसर से पकड लिया है। फिलहाल घायल को मारकुण्डी थाना प्रभारी ने मानिकपुर सीएचसी में भर्ती कराया है। शव को पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजकर पुलिस पडताल में जुट गई है। पुलिस ने कहा कि परिजनों को सूचित किया गया है। तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जायेगी।

### कोतवाली कर्वी पुलिस नहीं लिख रही घटना की रिपोर्ट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी के ताम्रबनी गांव के राजबहादुर मिश्र पुत्र स्व बृजभूषण मिश्र ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में कहा कि उसके घर में असलहों से लैस लोगों ने घर का ताला तोडकर चोरी की घटना अंजाम दी थी। इलाका पुलिस मामले रिपोर्ट नहीं दर्ज कर रही है।

सोमवार को कोतवाली कर्वी के ताम्रबनी गांव के राजबहादुर मिश्र पुत्र स्व बृजभूषण मिश्र ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में कहा कि 22 अक्टूबर को अपरान्ह साढे 11 बजे से रात दस बजे तक कोतवाली कर्वी में उसके बेटे ललित कुमार को पुलिस ने बैठा रखा था। रात दस बजे कोतवाली से छूटने के बाद घर पहुंचा तो आरोपी बद्री प्रसाद पुत्र रामभजन, योगेन्द्र कुमार पुत्र श्यामलाल, रामकेश पुत्र छोटेलाल व अवधेश प्रसाद पुत्र मोहनलाल घर के अन्दर से निकलकर भागने लगे। इनके हाथ में असलहे व लाठी-डण्डे थे। घर में बेटे ने देखा कि अन्दर का सामान बिखरा पडा है। घर में रखे एक लाख रुपये नकदी व सोने-चांदी के जेवर आदि लेकर उक्त लोग भाग गये। 112 में कई बार फोन करने पर न लगने पर कोतवाली में आकर घटना की सूचना दी।

पीड़ित ग्रामीण ने आरोप लगाया कि पुलिस की मिलीभगत से मामला रफादफा किया जा रहा है। आरोपियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की जा रही। पीड़ित ने घटना की रिपोर्ट दर्जकर चोरी की धनराशि बरामद कर जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

## सत्संग समापन के अवसर पर संतों ने नगर में निकाली प्रभात फेरी के रूप में शोभा यात्रा

**अखंड भारत संदेश**

**सफीपुर उन्नाव ।** सफीपुर कस्बे में चल रहे सनातन धर्म सत्संग समारोह के तीसरे दिवस सोमवार को भिनकीपुर धाम के संत स्वामी रामस्वरूप जी ब्रह्मचारी की अगुवाई में प्रभात फेरी के रूप में संत शोभा यात्रा निकाली गई। संत शोभा यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए शंकरी देवी मंदिर एवं अन्य कई देव स्थानों पर पहुंची। जिसमें संत महात्मा विद्वान एवं नगर के कई गणमान्य व्यक्ति हरे राम हरे कृष्ण, जय श्री राम जय हनुमान, संत समाज की जय हो, भक्त और भगवान की जय हो आदि शब्दों का उच्चारण करते हुए चल रहे थे। इस दौरान अनेकों





जगहों पर साधु संतों का लोगों ने फूल मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया तथा उन्हें उपहार भेंट किए। जहां-जहां संतों की प्रभात फेरी निकली वहां वहां वातावरण पूर्णतया भक्तिमय हो गया। वहीं सम्मेलन के समापन अवसर पर तृतीय दिवस में भगवान आशुतोष भोलेनाथ के पावन धाम श्री मोटेश्वर महादेव मंदिर के समीप स्थित भगवतीचरण वर्मा पार्क में सत्संग अस्थल पर धमार्नुरागी भगवत प्रेमियों के अपार जनसमूह ने पहुंचकर संत महात्माओं की मधुर वाणी से निकल रहे श्री रामचरित मानस एवं श्रीमद् भागवत महापुराण तथा महाभारत आदि ग्रंथों से संबंधित विभिन्न कथाओं को सुन। जिसमें सफीपुर नगर के अतिरिक्त आसपास के क्षेत्रों से भी लोगों ने सनातन धर्म सत्संग के पंडाल में उपस्थित होकर साधु संतों से आशीर्वाद प्राप्त कर उनके द्वारा सुनाई जा रही श्री रामा अवतार, कृष्णा अवतार, शिव महापुराण, माता कौशल्या एवं माता सुमित्रा प्रसंग, कैकेई व मंथरा चरित्र, माता आदि शक्ति भगवती के अनेकों वर्णित मार्मिक मनोहर कथाओं को सुना। जिनमें राक्षस असुरों का नाश करने के लिए अनेकों रुपों को धारण कर अवतरित हुए पूर्ण ब्रह्म ईश्वर, चराचर जगत में सजीव व निर्जीव सभी तत्वों में व्याप्त जगत के स्वामी पार ब्रह्म परमात्मा की अनंद अनादि भगवत कथाएं आदि शामिल है।

## एक्सपायरी डेट का इंजेक्शन लगाने से नौ माह की बच्ची की मृत्यु

### परिजनों ने काटा हंगामा, तीन निलम्बित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला अस्पताल में नौ माह की बच्ची को एक्सपायरी डेट का इंजेक्शन लगाने से बच्ची की मृत्यु होने पर परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया है। परिजनों ने जिला अस्पताल में जमकर हंगामा काटा। घटना को संज्ञान में लेकर सीएमएस डॉ सुधीर शर्मा ने ड्यूटी में तैनात फार्मासिस्ट, वार्ड ब्वाय और स्टाफ नर्स को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया है।



सोमवार को जिला मुख्यालय के शंकरगंज मोहल्ले के धनंजय श्रीवास्तव अपनी नौ माह की बेटी को सर्दी-जुखाम होने पर जिला अस्पताल में इलाज को रविवार को भर्ती कराया था। डॉ एचसी अग्रवाल उसका इलाज कर रहे थे। बच्ची की हालत में सुधार होने पर रात को घर ले गये। सोमवार को सवेरे उसका इलाज कराने को फिर जिला अस्पताल लाये थे। यहां ओपीडी में तैनात डॉ संतोष कुमार ने बच्ची की फाइल देखकर उसका इलाज शुरू कर दिया।

वार्ड ब्वाय ने एमोक्सी क्लीन नाम की इंटीबायोटिक दवा जो आठ महीने का एक्सपायरी डेट इंजेक्शन लगा दिया। इससे बच्ची की हालत बिगडने लगी। कुछ देर में बच्ची ने तडप-तडपकर दम तोड दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझाया। सदर विधायक अनिल प्रधान और भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे समेत तमाम जनप्रतिनिधि जिला अस्पताल पहुंचे। परिजनों को हर सम्भव मदद का भरोसा दिया। सीएमएस ने घटना का संज्ञान लेते हुए फार्मासिस्ट धर्मेन्द्र मिश्रा, स्टाफ नर्स कुलदीप कुमार, वार्ड ब्वाय अवधेश को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया। मामले में टीम गठित कर जांच के बाद डॉक्टर के खिलाफ कार्यवाही की भी बात कही। ड्यूटी में तैनात डॉ संतोष कुमार ने कहा कि बच्चे का इलाज दूसरे डॉक्टर कर रहे थे। परिजन रात में उसे घर भी ले गये थे। सवेरे उसकी फाइल देखकर इलाज के निर्देश दिये थे, जो फाइल में दवा लिखी थी, वार्ड ब्वाय ने वह इंजेक्शन लगा दिया। कोई अन्य दवा के रियेक्शन से बच्ची की मृत्यु हुई है। परिजनों के आरोप गलत हैं कि एक्सपायरी डेट का इंजेक्शन लगा है। इस मामले में सदर विधायक अनिल प्रधान ने कहा कि जिला अस्पताल में लगातार घटनायें हो रही हैं। डॉक्टर लापरवाह बने हैं। यहां तक कि सीएमएस खुद नदारद रहते हैं। ऐसे में बच्ची को एक्सपायरी डेट का इंजेक्शन लगाना बडी घटना है। सभी ड्यूटी में तैनात डॉक्टरों और कर्मचारियों को निलम्बित करना चाहिए।

## अटल टिंगरिंग का विधायक बांगरमऊ श्रीकांत कटियार ने किया उद्घाटन

### लोकल फार वोकल शिक्षा और रोजगार को एक साथ दिया जाएगा जोर



अखंड भारत संदेश

बांगरमऊ उन्नाव । बांगरमऊ के हुसेपुर माढापुर बरुआघाट रोड पर स्थित आर एस वाई इन्टर कॉलेज में अटल टिंगरिंग लैब का उद्घाटन श्रीकान्त विधायक बांगरमऊ ने फीता काट कर किया विधायक ने कहा कि भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा आर एस आई इन्टर कालेज में जिस लैब का उद्घाटन आज मैंने किया है यह सब मोदी सरकार और योगी सरकार की देन है मोदी सरकार ने तो लोकल फार वोकल पर बहुत ध्यान दिया है जिससे युवा वर्ग में पढ़ाई के साथ रोजगार के भी अवसर बनेंगे और जब देश का युवा आगे बढ़ेगा तो देश का आगे बढ़ना तय है आत्मनिर्भर भारत का सपना एक दिन सच होके रहेगा । अब समय आ गया है कि थ्योरी के साथ प्रैक्टिकल करवाया जाना बहुत जरूरी है अब लैब के साथ छात्र, छात्राओं को तकनीकी ज्ञान भी मिलना जरूरी है इससे देश के स्वदेशी अभियान को भी सफल बनाने में सहयोग होगा उद्घाटन के बाद छात्राओं ने सरस्वती वंदना भी की गई यही युवा हमारे देश के आज शोधार्थी बनकर भारत के भविष्य को नये मुकाम तक ले जाएंगे ।

## पैमाइश के आवेदनों को जल्द निस्तारित करें एडीएम: डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नवागन्तुक पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने कहा कि महिला एवं बाल अपराधों की त्वरित विवेचना करवाकर गहन पैरवी से फास्ट ट्रैक कोर्ट से अपराधियों को जल्द दण्डित कराया जायेगा।



सोमवार को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला पुलिस कार्यालय में राघव प्रेक्षागार में पत्रकारों से रुबरु हुई। उन्होंने प्रेसवार्ता में बताया कि वह 2014 बैच की आईपीएस हैं। गौतमबुद्ध नगर में महिलाओं के लिए बेहतरीन कार्य किये हैं। उनकी तमन्ना है कि यहां भी महिला, बच्चों, अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लिए बेहतर प्लेटफार्म तैयार किया जाये। जिला मुख्यालय स्तर पर सबसे पहले बेहतर कार्य की पहल की जायेगी। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई दौरान मिली शिकायतों में ज्यादातर मामले भूमि संबंधी आ रहे हैं। ऐसे मामलों का निस्तारण राजस्व व पुलिस टीम मौके पर जाकर शासन की मंशानुसार गुणवत्तापूर्ण ढंग से निपटायेगी।

उन्होंने बताया कि महिला एवं बाल अपराधों की तत्काल विवेचना करवाकर गहन पैरवी कर फास्ट ट्रैक कोर्ट से अपराधियों को जल्द सजा दिलाने की पहल की जायेगी। थानों में फरियादियों के साथ पुलिस सहृदयता का बर्ताव कर तत्काल मदद करे। पुलिस व जनता के बीच बेहतर तालमेल बनाकर अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाकर आम जनता को सुरक्षा का एहसास कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने भरोसा दिया कि गुण-दोष के आधार पर कार्यवाही की जायेगी।

## अपराधियों की हौसला आफजायी कर रहे कर्वी कोतवाल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बालकृष्ण बायो प्लांटेक के नाम से फर्जी कम्पनी के डायरेक्टर विनोद पटेल के खिलाफ खबरें छपने से वह इस कदर भयभीत हो गया कि फर्जी कम्पनी के कमरे के बाहर 25 दिसम्बर तक कार्यालय बन्द रहेगा- का नोटिस चस्पा फरार हो गया है। लोगों से पेड लगाने के नाम पर ठगी करने वाला गिरोह फरार हो गया है। कर्वी कोतवाल की चुप्पी के चलते उसे फरार होने का मौका मिला है।




सोमवार को फर्जी कम्पनी के डायरेक्टर विनोद पटेल ने अपनी कम्पनी के कई फर्जी पते लिख रखे हैं। मौके पर कहीं भी बालकृष्ण बायो प्लांटेक का कोई कार्यालय मौजूद नहीं है। डायरेक्टर विनोद पटेल अपने भाई सुशील पटेल एवं अपनी पत्नी सुमित्रा देवी को लेकर जिले के रोजगार मेले में जाकर सीधेसादे बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने का लालच देकर फर्जी कम्पनी में लगा लेता है। उनसे जबरियां फर्जी काम करने को मजबूर करता है। ऐसे बेरोजगार युवाओं के फर्जी काम से मना करने पर उन्हें अपने रसूख के दम पर डराता-धमकाता है।

इस मामले में कर्वी कोतवाल एके मिश्रा की चुप्पी अपराधों को बढावा दे रही है। कर्वी कोतवाल सख्ती से कम्पनी के डायरेक्टर विनोद पटेल से पूंछताछ करते तो उसे फरार होने का मौका नहीं मिलता। अपराधियों की हौसला आफजायी ऐसे ही अधिकारियों की बदौलत मिलती प्रतीत हो रही है।

### जिला बदर अपराधी को पुलिस ने दबोचा, डेढ वर्ष से वांछित को किया गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर रैपुरा थानाध्यक्ष राकेश मौर्य की टीम ने जिला बदर आदेश का उल्लंघन करने वाले शिब्बू उर्फ शिवम उर्फ शिम्भू पुत्र चुनका उर्फ रामशरण पटेल निवासी रैपुरा को दबोचा है।

सोमवार को रैपुरा थानाध्यक्ष राकेश मौर्य की टीम ने जिला मजिस्टेज्ट के जिला बदर का उल्लंघन करने वाले शिब्बू पटेल को दबोचा है। उसके खिलाफ रैपुरा थाने में दस यूपी गुण्डाएक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। शिब्बू का अच्छा खासा आपराधिक इतिहास है। रैपुरा थाने में उस पर विभिन्न मामलों के सात मामले दर्ज हैं।

## मिसकाल से बच्चों के विकास को मिलती जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नीति आयोग की सहयोगी संस्था दुलार पिरामिल फाउंडेशन ने पुष्टाहार एवं बाल विकास विभाग में कार्यरत आंगनबाडियों ने जीरो से छह वर्ष तक के बच्चों के माता-पिता को मिसकाल से पंजीयन कराकर तीन विषयों पर लाभार्थियों को जानकारी दी। सोमवार को दुलार कार्यक्रम के तहत तीन विषयों पर शाला पूर्व शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण, सुरक्षा एवं देखभाल पर दो मिनट के काल से विभिन्न जानकारियां दी जाती है। जो बच्चों के लिए उपयोगी होती हैं। दुलार के पंजीयन के लिए दिये नम्बर पर मिसकाल करनी होती है। काल वापस आने पर जनपद कोड दो दबाने से पंजीयन हो जाता है। इस



सुविधा से लाभार्थी घर बैठे बच्चों के बारे में विभिन्न जानकारी प्राप्त करते हैं। बच्चों की देखरेख को टिप्स बताये जाते हैं। बच्चों के शारीरिक, मानसिक व भावनात्मक विकास में टिप्स सहायक होते हैं।

सोमवार को इस बाबत मानिकपुर ब्लाक के सेक्टर अगरहुण्डा, रैपुरा के कम्पोजिट विद्यालय, सेक्टर उमरी, ऊंचाडीह के आईसीडीएस आफिस में हुई। मौके पर सीडीपीओ अनुज प्रताप सिंह, पिरामल फाउंडेशन के विमल कुमार, अमृता, मनोरमा, वैशाली, आईसीडीएस की मुख्य सेविका ललिता कुशवाहा, संजू कुमारी, यूनीसेफ के प्रदीप सिंह व आंगनबाडियां मौजूद रहीं।

## जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे ने 50 लाख से अधिक कार्यों की किए समीक्षा बैठक

**अखंड भारत संदेश**

उन्नाव । जिलाधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे द्वारा विकास भवन सभागार में जनपद में कराए जा रहे 50 लाख से अधिक लागत के निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान डीएम द्वारा जल निगम ग्रामीण/शहरी, लोक निर्माण विभाग, यूपीएससीएल, सीएनडीएस, पर्यटन, आवास विकास आदि कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराये जा रहे कार्यो की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। इस मौके पर उन्होने समस्त कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित करते हुए कहा कि 50 लाख से अधिक लागत के निर्माण कार्यो पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा समस्त कार्य मानक के अनुरूप एवं गुणवत्तापुर्ण कराए जाएं। उन्होने कहा कि जनपद मे निमार्णाधीन अधूरे कार्य, जो धनाभाव के कारण रूके है उनके सम्बन्ध मे शासन से पत्राचार कर धन आवंटित करायें। जिलाधिकारी ने धनावंटन




के बाद भी कम प्रगति वाले कार्यों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यो को गुणवत्तापूर्ण एवं मानक के अनुसार निर्धारित समय के अन्दर पूरा करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यो में किसी भी स्तर पर लापरवाही को बहुत ही गंभीरता से लिया जाएगा और संबंधित विभाग के अधिकारी उसके लिए पूर्ण रूप से जिम्मेदार होगे। उन्होने निर्देशित किया कि जो भी निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हैं उनको तुरन्त हैण्डओवर कराया जाए।

# विदेश संदेश

## यूक्रेन ने रूस के कब्जे वाले इलाकों में किए हमले, लुहांस्क में सैन्य हेडक्वार्टर को बनाया निशाना, कई मरे

**कीव/मॉस्को।** रूस और यूक्रेन के बीच 10 महीनों से जारी युद्ध के थमने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। हालांकि, इस जंग में दोनों ही पक्षों को जबरदस्त नुकसान हुए हैं। खासकर यूक्रेन के अलग-अलग इलाकों में कब्जे के लिए तैनात रूसी सेना को जंग के साथ-साथ मौसम और आपूर्तियों की बाधा जैसी समस्याओं का सामना भी करना पड़ रहा है। दूसरी तरफ यूक्रेन इन मौकों को भांपते हुए लगातार रूस के कब्जे में गए अपने क्षेत्रों को छुड़ाने की कोशिश में लगा है। इसी कड़ी में उसने लुहांस्क में रूस में सैन्य संगठन के हेडक्वार्टर पर हमला किया। बताया गया है कि यह सैन्य मुख्यालय रूस के वैगनर ग्रुप का ठिकाना था, जो कि अपनी बर्बरता के लिए पूरी दुनिया में जाना जाता है। रिपोर्ट्स की मानें तो यूक्रेन की ओर से किए गए इस हमले में वैगनर ग्रुप का मुख्यालय जमींदोज हो गया। इस घटना की कुछ तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। एक





अधिकारी ने बताया कि यूक्रेनी सैनिकों ने एक होटल पर हमला किया, जहां रूस के वैगनर ग्रुप के लोग मौजूद थे। इस हमले में रूस के कई लोगों के मारे जाने की खबर है। लुहांस्क के गवर्नर ने फिलहाल इस बात का खुलासा नहीं किया है कि हमले में कितने लोगों की मौत हुई, लेकिन उन्होंने मृतकों की 'बड़ी संख्या' का जिक्र किया है। एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने कहा कि हमले में जो भी लोग बचे होंगे, वे अस्पताल में जख्मों की वजह से दम तोड़ सकते हैं।

**रूस ने भी यूक्रेन पर ड्रोन हमलों को बढ़ाया**

यूक्रेन की तरफ से हमलों के बढ़ने के बाद रूस ने भी ड्रोन्स के जरिए पलटवार तेज कर दिया है। शनिवार-रविवार को रूस और यूक्रेन के बीच यूक्रेन के दक्षिणी इलाके में ओडेसा और मेलितोपोल में जबरदस्त भिडंत हुई। रूस ने ओडेसा पर ड्रोन से हमले किए, तो यूक्रेन ने मेलितोपोल पर मिसाइलें दागकर जवाब दिया। यूक्रेनी सेना का दावा है कि बीते एक दिन में रूस के 10 से ज्यादा ड्रोन मार गिराए हैं। हालांकि, कुछ ड्रोन बिजली और पानी की आपूर्ति से जुड़े ढांचों को तबाह करने में कामयाब रहे, जिसकी वजह से ओडेसा में करीब 15 लाख लोग बिना बिजली के हैं। वहीं, रूस ने बताया कि यूक्रेन के मिसाइल हमले से मेलितोपोल में रविवार को दौ रूसी सैनिकों की मौत हुई, जबकि 10 लोग घायल हुए हैं। रूस की तरफ से मेलितोपोल में गवर्नर नियुक्त किए गए येवगेनी बालिट्स्की ने बताया कि यूक्रेन ने छह मिसाइलें दागी थीं, जिनमें से दो को वायु रक्षा प्रणालियों ने नष्ट कर दिया, चार अपने लक्ष्य तक पहुंच गईं। बालिट्स्की ने बताया कि यह हमला अमेरिका से मिली हिमार्स मिसाइलों से किया।

## भारत का संदेश : दुनिया अब 77 साल पहले जैसी नहीं, बिना समय सीमा के संयुक्त राष्ट्र में सुधार संभव नहीं

**संयुक्त राष्।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में हस्ताक्षर सुधारित बहुपक्षवाद बैठक से पहले भारत ने दुनिया को कई अहम संदेश दिए हैं। इसके तहत भारत ने एक अवधारणा नोट जारी करते हुए कहा है कि संयुक्त राष्ट्र में सुधार के लिए निर्धारित समय सीमा तय करनी होगी। बिना समय सीमा निर्धारण के सुरक्षा परिषद वास्तविक विविधता को प्रतिबिंबित करने से बहुत दूर है। भारत द्वारा इस नोट में आतंकवाद, कट्टरवाद, महामारी, और नई वैश्विक चुनौतियों का उल्लेख किया गया है।बता दें कि भारत, 15 देशों की संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का वर्तमान अध्यक्ष है और 14 और 15 दिसंबर को विदेश मंत्री एस जयशंकर की अध्यक्षता में सुधारित बहुपक्षवाद और आतंकवाद-निरोध पर दो हस्ताक्षर कार्यक्रम आयोजित करेगा।

**दुनिया 77 साल पहले जैसी नहींः भारत**

बैठक से पहले, संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने महासचिव एंटोनियो गुटेरेस को लिखे एक पत्र में कहा कि आतंकवाद जैसे गंभीर मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एक अवधारणा नोट को सुरक्षा परिषद के एक दस्तावेज के रूप में परिचालित किया जाना चाहिए। पत्र में उन्होंने आतंकवाद से लेकर भूखमरी तक पर चर्चा की हैं। कंबोज ने कहा कि दुनिया वैसी



नहीं है जैसी 77 साल पहले थी। संयुक्त राष्ट्र के 193 राज्यों के सदस्य 1945 में 55 सदस्य देशों के तीन गुना से अधिक हैं। हालांकि, वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए जिम्मेदार सुरक्षा परिषद की संरचना आखिरी बार 1965 में तय की गई थी और यह संयुक्त राष्ट्र की व्यापक सदस्यता की वास्तविक विविधता को प्रतिबिंबित करने से बहुत दूर है।

**सात दशकों के दौरान नई वैश्विक चुनौतियां उभरी हैंः भारत**

भारत की तरफ से जारी इस अवधारणा नोट में कहा गया है कि पिछले सात दशकों के दौरान नई वैश्विक चुनौतियां उभरी हैं, जैसे कि आतंकवाद, कट्टरवाद, महामारी, नई और उभरती प्रौद्योगिकियों से खतरे, बढ़ते असममित खतरे, गैर-राज्य अभिनेताओं की विघटनकारी भूमिका और भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा तेज करना। इन सभी चुनौतियों के लिए एक मजबूत बहुपक्षीय प्रतिक्रिया का आह्वान किया गया है। सुधारित बहुपक्षवाद के लिए शांति, सुरक्षा, विकास और मानवाधिकारों के सभी तीन स्तंभों में सुधार की परिकल्पना करता है, जिसके केंद्र में संयुक्त राष्ट्र है।

**बहुपक्षीय संस्थानों की अपर्याप्तता दूर करने की जरूरत**

संयुक्त राष्ट्र में सुधार के लिए 2005 में दुनिया के नेताओं द्वारा की गई प्रतिबद्धता के अनुसार प्रारंभिक सुधारों की आवश्यकता होगी। इसके बाद 2022 में की गई प्रतिबद्धता पर गौर करना होगा। हमें बहुपक्षीय संस्थानों की अपर्याप्तता पर मंथन करना होगा। हमें एक बहुपक्षीय संरचना प्रदान करना होगा जो न केवल वर्तमान चुनौतियों का प्रभावी ढंग से निपटने के काम आएगा बल्कि आने वाली चुनौतियों के लिए तुरंत प्रतिक्रिया देने के उद्देश्य से तैयार रहेगा।

**दुनिया भू-राजनीतिक विभाजनों, संघर्षों और अस्थिरता से ग्रस्तः भारत**

भारत के अवधारणा नोट में कहा गया है कि हमारी दुनिया भू-राजनीतिक विभाजनों, संघर्षों और अस्थिरता से ग्रस्त है, सैन्य तख्तापलट से लेकर अंतर-राज्यीय संघर्षों, आक्रमणों और युद्धों तक जो साल-दर-साल फैलते रहते हैं। परिषद सहित दुनिया की महान शक्तियों के बीच मतभेदों ने प्रतिक्रिया देने की हमारी क्षमता को सीमित करना जारी रखा है। गुटेरेस ने कहा था कि वे उपकरण जिन्होंने हमें विनाशकारी विश्व युद्ध से बचाए रखा है, पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हैं, लेकिन उन्हें आज के तेजी से बिगड़ते अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के माहौल के लिए फिट होना चाहिए।

## जांबिया पुलिस ने 27 इथियोपियाई लोगों के शवों की खोज की घोषणा की

**लुसाका।** जांबिया की राजधानी लुसाका में 27 लोगों के शव बरामद किए गए जिनके बारे में माना जाता है कि ये सभी इथियोपियाई नागरिक थे। पुलिस ने इसकी पुष्टि की है। उप पुलिस जनसंपर्क अधिकारी डेनी मवाले ने एक बयान में कहा कि पुलिस जांच से पता चलता है कि ''20 से 38 वर्ष की आयु के सभी पुरुषों के शवों को अज्ञात लोगों ने (लुसाका) के एनजीवेरेरे क्षेत्र में फेंक दिया था।''मवाले ने कहा, ''माना जाता है कि वे सभी इथियोपियाई नागरिक थे।'' उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति अब भी जिंदा है और उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। उन्होंने कहा कि 27 शवों को औपचारिक पहचान और पोस्टमॉर्टम के लिए यूनिवर्सिटी टीचिंग अस्पताल के शवगृह में ले जाया गया है। मवाले ने कहा कि पुलिस और अन्य सुरक्षा सेवाएं इस मामले की जांच कर रही हैं।

## इजरायली सैनिकों ने फिलिस्तीन की किशोरी को गोली मारी, मौत

**रामल्लाह।** इजारायली सैनिकों ने वेस्ट बैंक में सैन्य अभियान के दौरान सोमवार सुबह एक किशोरी लड़की को गोली मार दी। फिलिस्तीन के अस्पताल ने यह जानकारी दी है। जेनिन के उत्तरी शहर में खलील सुलेमान सरकारी अस्पताल के मुताबिक 16 वर्षीय जाना जकारन को सिर में गोली मारी गई है। अस्पताल ले जाते समय किशोरी की मौत हो गई। सैन्य अभियान के दौरान कई अन्य फिलिस्तीन नागरिक घायल हुए हैं। फिलिस्तीनी आधिकारिक समाचार एजेंसी के मुताबिक जकारन अपने घर की छत पर थी। इजरायली सैनिकों के जेनिन शहर से निकलने के बाद उसकी रक्तरंजित लाश मिली। इजरायली सैनिकों को इस लड़की की मौत की जानकारी है। अब इसकी जांच की जा रही है। उल्लेखनीय है कि इजरायल के सैनिकों ने जेनिन शहर से तीन फिलिस्तीनियों को गिरफ्तार किया है। इस साल वेस्ट बैंक और पूर्वी यरुशलम में इजरायल-फिलिस्तीनी झड़प में लगभग 150 फिलिस्तीनियों की मौत हो चुकी हैं।

## जयशंकर यूएई में 'इंडिया ग्लोबल फोरम यूएई' का करेंगे उद्घाटन

**दुबई।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर सोमवार को यहां 'इंडिया ग्लोबल फोरम यूएई 2022' का उद्घाटन करेंगे। यह पांच दिवसीय कार्यक्रम है जो भारत, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और दुनियाभर से प्रमुख राजनीतिक, व्यापारिक और सांस्कृतिक हस्तियों को एक साथ लाएगा। भारत को जी20 की अध्यक्षता मिलने के बाद यह पहला बड़ा अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम है।



12 से 16 दिसंबर तक दुबई और अबू धाबी में किया जाएगा। भारत ने एक दिसंबर को औपचारिक रूप से जी20 की अध्यक्षता ग्रहण की थी। इस पांच दिवसीय कार्यक्रम में भारत की वैश्विक आकांक्षाओं और चुनौतीपूर्ण भू-राजनीतिक परिदृश्यों के बीच जी20 की अध्यक्षता पर चर्चा की जायेगी।

## दो दिवसीय दक्षिण एशियाई कृषि शिखर सम्मेलन 19 जनवरी से

**इंदौर।** इस वर्ष दो दिवसीय दक्षिण एशियाई कृषि शिखर सम्मेलन काठमांडू में पहली बार 19 जनवरी से आयोजित होगा। शिखर सम्मेलन में इन्दौर सहित देशभर के व्यापार जगत से जुड़ी जानी-मानी हस्तियां शामिल होंगी। बीएसएफ फाउंडेशन के मानद अध्यक्ष सुधाकर तोमर ने सोमवार को बताया कि 19 एवं 20 जनवरी को आयोजित होने वाले इस दक्षिण एशियाई कृषि शिखर सम्मेलन का उद्देश्य दक्षिण एशियाई कृषि व्यवसाय के लिए नए विकास प्रतिमान बनाना है।

यह कृषि शिखर सम्मेलन दालों, अनाज, चावल, चीनी, तेल, तिलहन, सूखे मेवे और मसाले के बदलते परिदृश्य पर चर्चा करने के लिए कृषि उद्योग एवं व्यापार जगत से जुड़े व्यापारियों को एकजुट करने के लिए आयोजित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि यह शिखर सम्मेलन प्रमुख दक्षिण एशियाई कृषि और संबद्ध क्षेत्रों जैसे कि अनाज, दालें, चीनी, चावल, तेल और तिलहन, मसाले और जड़ी-बूटियों, सूखे मेव, नट्स, एग्री-फूड-टेक-स्टार्ट अप्स, पर विचार-विमर्श के लिए एक बहुपक्षीय क्षेत्रीय मंच के रूप में कार्य करेगा। शिखर सम्मेलन में यूएई, सिंगापुर, कनाड़ा, ऑस्ट्रेलिया, म्यामांर, वियतनाम, ऑस्ट्रेलिया, सीआईएस, तुर्की, ब्राजील, यूएसए, कनाड़ा पश्चिमी और पूर्वी अफ्रीका जैसे देशों के व्यापार जगत से जुड़े व्यापारी शामिल होंगे।

दो दिवसीय शिखर सम्मेलन में आयात-निर्यात के साथ ही कई अहम मुद्दों पर विचार मंथन किया जाएगा।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

## राजनीतिक उथल-पुथल के बीच में पेरू में प्रदर्शन जारी, हिंसक झड़पों में दो की मौत, कई घायल

**ढाका।** पेरू में राष्ट्रपति पेड्रो कैस्टिलो को पद से हटाए जाने के बाद राजनीतिक संकट की स्थिति पैदा हो गई। राजनीतिक उथल-पुथल के बीच देश में आम चुनाव कराने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। इस दौरान हुई हिंसक झड़पों में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। गुरुवार को खबर आई थी कि एक बार फिर नाटकीय घटनाक्रम के तहत राष्ट्रपति पेड्रो कैस्टिलो को पद से हटा दिया गया था। उन्हें महाभियोग परीक्षण के बाद पद से हटाने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया था। जिसके बाद, दक्षिणी पेरू के अंदाहुयालस शहर में उनके समर्थकों ने इसे लेकर विरोध किया था।

शुक्रवार से शुरू हुआ ये विवाद सोमवार को हिंसक हो उठा। सोमवार को प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हुई झड़पों में कई लोग घायल हो गए। इतना ही नहीं, प्रदर्शनकारियों ने कुछ पुलिस अधिकारियों को बंधक भी बना रखा है।

हिसंक विरोध प्रदर्शनों को लेकर लोकपाल कार्यालय ने बताया कि कई लोगों को हिरासत में लिया गया है। हालांकि लोकपाल कार्यालय ने हिरासत में लिए गए लोगों की संख्या को लेकर कोई जानकारी नहीं दी है। साथ ही लोकपाल कार्यालय ने लोगों से विरोध के दौरान हिंसक साधनों का सहारा नहीं लेने की अपील भी की है।

इसके साथ ही लोकपाल कार्यालय ने पुलिस से भी कहा कि कानून व्यवस्था को बहाल करने के लिए कोई भी कार्रवाई कानून के ढांचे के भीतर की जानी



चाहिए। वहीं, पेरू की पुलिस ने जानकारी दी कि प्रदर्शनकारियों ने बंदी बनाए गए दो पुलिस अधिकारियों को रिहा कर दिया है वर्तमान में उनकी मेडिकल जांच की जा रही है। वहीं, पेरु के गृह मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, सोमवार को लोगों द्वारा किए गए प्रोटेस्ट का कोई भी कारण स्पष्ट नहीं किया गया है।

**आपातकाल की घोषणा पर खड़ा हुआ विवाद**-पूरा विवाद तब शुरू हुआ जब पेड्रो ने बुधवार को राष्ट्र के नाम संबोधन में कहा कि वह देश में आपातकाल लगाने जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वह विपक्षी दलों के वर्चस्व वाली कांग्रेस को भंग कर देंगे। इस घोषणा से हर कोई हैरान था और कई मंत्रियों ने इस्तीफे भी दे दिए। इस घोषणा के कुछ घंटों बाद ही विपक्ष ने आपात बैठक बुलाई और उनके खिलाफ महाभियोग लाने का फैसला किया।

**जांच में बाधा डालने का आरोप**

पेरू कई वर्षों तक राजनीतिक उथल-पुथल से गुजरा है, जिसमें कई नेताओं पर भ्रष्टाचार, बार-बार महाभियोग के प्रयास और राष्ट्रपति पद के कार्यकाल में कटौती देखी गई है। यह नई कानूनी लड़ाई अक्तूबर में शुरू हुई, जब अभियोजक के कार्यालय ने कैस्टिलो के खिलाफ एक सांविधानिक शिकायत दायर की। उन पर आरोप था कि वह एक आपराधिक संगठन से पाए लाभ के लिए जांच में बाधा डाल रहे हैं। बुधवार को पेरू की संसद ने राष्ट्रपति बोलुआर्टे को सत्ता से बेदखल करने के लिए महाभियोग प्रस्ताव पर मतदान किया था। 130 सदस्यीय संसद में प्रस्ताव के पक्ष में 101 वोट पड़े, जबकि राष्ट्रपति के समर्थन में मात्र छह। 10 सांसदों ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। सीएनएन के अनुसार पेरू की संवैधानिक अदालत के प्रमुख फ्रांसिस्को मोरालेस ने संसद में महाभियोग प्रस्ताव पर मतदान से पहले एक भाषण में उपराष्ट्रपति डीना बोलुआर्टे को राष्ट्रपति पद ग्रहण करने का आदेश दिया। इसके बाद बोलुआर्टे ने कैस्टिलो की संसद भंग करने की योजना को खारिज कर दिया।

**संसद भंग करने के पेड्रो के फैसले की आलोचना**

सीएनएन की खबर के अनुसार राष्ट्रपति बोलुआर्टे ने अपने पहले ही भाषण में संसद भंग करने के पेड्रो के फैसले की आलोचना की। बोलुआर्टे ने सांसदों से देश में एक %यूनिटी गवर्नमेंट (एकता सरकार) बनाने का आग्रह किया। राष्ट्रपति डीना ने सभी दलों से राजनीतिक संघर्ष विराम का आह्वान करते हुए कि वह एकता सरकार के लिए व्यापक बातचीत करेंगी।

**अमेरिका संसद भंग करने के खिलाफ था**

अमेरिका ने भी पूर्व राष्ट्रपति पेड्रो कैस्टिलो के संसद भंग करने के फैसले का विरोध किया था। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता नेड प्राइस ने कहा था कि हम पेरू में संविधान के खिलाफ किसी भी कार्रवाई का विरोध करते हैं। ऐसा कोई भी कार्य जो पेरू में लोकतंत्र को कमजोर करेगा, हम उसके खिलाफ हैं।

## रूस ने फिर किया भारत की स्थाई सदस्यता का समर्थन, विदेश मंत्री बोले- नई दिल्ली के पास लंबा अनुभव

**संयुक्त राष्ट्र।** रूस ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत के लिए स्थाई सीट का समर्थन किया है। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि जापान और जर्मनी के साथ भारत और ब्राजील संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्य के रूप में शामिल होने के लिए अपने प्रयास को आगे बढ़ा रहे हैं, जो क्षेत्रीय विविधता के लिए एक अच्छा संकेत है।

उन्होंने आगे कहा कि हम देखेंगे कि भारत और ब्राजील वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर अपने रुख को जानते हुए यूएनएससी में क्या अतिरिक्त कदम उठा सकते हैं। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई ने कहा कि भारत आर्थिक विकास के मामले में अग्रणी देशों में से एक है। जल्द ही भारत दुनिया में सबसे




बड़ी आबादी वाले देश होगा। नई दिल्ली के पास विभिन्न समस्याओं को सुलझाने में व्यापक कूटनीतिक अनुभव है। साथ ही अपने क्षेत्र में अधिकार और प्रतिष्ठा भी है।

लावरोव ने मॉस्को में एक इंटरनेशनल फोरम में मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए ये टिप्पणियां कीं। उन्होंने कहा कि भारत शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) का प्रमुख सदस्य है और यह संयुक्त राष्ट्र में सक्रिय भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसा देश है जो आगे बढ़ने की आकांक्षा रखता है।

रूसी विदेश मंत्री ने इसी साल सितंबर में 77वें संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करते हुए कहा था कि अगर यूएनएससी में अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका के देशों को शामिल किया जाता है तो यह अधिक लोकतांत्रिक होगी। उनका कहना था कि भारत और ब्राजील वैश्विक स्तर पर प्रमुख भूमिका निभाते हैं और इन्हें परिषद में स्थाई सदस्य के रूप में शामिल करने पर विचार किया जाना चाहिए।

## ईरान ने एक और प्रदर्शनकारी को दी फांसी, सुरक्षा बल के दो सदस्यों की हत्या करने का था दोषी

**दुबई।** ईरान ने विरोध प्रदर्शनों के दौरान कथित अपराधों के लिए हिरासत में लिए गए एक और कैदी को सोमवार को फांसी दे दी। ईरान की समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी। ईरान सरकार द्वारा देश में व्यापक स्तर पर जारी प्रदर्शनों के बीच हिरासत में लिए गए कैदी को फांसी दिए जाने का यह दूसरा मामला है। ईरान की समाचार एजेंसी 'मिज़ान' के अनुसार, मजीदरेज़ा रहनवार्ड को फांसी दी गई। उसे मशहद में 17 नवंबर को सुरक्षा बल के दो सदस्यों की चाकू मारकर हत्या करने और चार अन्य को घायल करने का दोषी ठहराया गया था।ईरान ने इससे पहले गत बृहस्पतिवार को देशव्यापी विरोध-प्रदर्शनों के दौरान कथित रूप से किए गए अपराध को लेकर एक कैदी को फांसी दी थी। ईरान द्वारा दिए गए इस तरह के मृत्युदंड का यह पहला मामला थ। ईरान की नैतिकता के आधार पर कार्रवाई करने वाली पुलिस के खिलाफ एक आक्रोश के रूप में शुरू हुआ यह प्रदर्शन 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से देश के ''धर्मतंत्र'' के लिए सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक बन गया है। कार्यकर्ताओं ने आगाह किया है कि निकट भविष्य में अन्य लोगों को भी मृत्युदंड दिया जा सकता है। प्रदर्शनों में शामिल होने पर अब तक करीब 12 लोगों को मौत की सजा सुनाई जा चुकी है।

## 18-25 साल के युवाओं को मिलेगा मुफ्त कंडोम, राष्ट्रपति मैक्रों ने बताया गर्भनिरोधक के लिए छोटी क्रांति

**पेरिस।** फ्रांस की सरकार 25 साल से कम उम्र के युवाओं को मुफ्त कंडोम उपलब्ध कराएगी। इसका उद्देश्य अनचाहे गर्भधारण को कम करना है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने इसकी घोषणा की और कहा कि यह गर्भनिरोधक की दिशा में एक छोटी सी क्रांति है।

स्वास्थ्य से जुड़े एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा कि उनकी सरकार 18-25 साल के युवाओं के लिए मेडिकल शॉप पर मुफ्त कंडोम मुहैया कराएगी। बता दें, मैक्रों की सरकार ने इसी साल 25 साल से कम उम्र की महिलाओं के लिए मुफ्त कंडोम देने की योजना शुरू की थी। अब सरकार ने सभी युवाओं के लिए मुफ्त कंडोम उपलब्ध कराने का कदम उठाया है।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, स्वास्थ्य अधिकारियों का अनुमान है कि फ्रांस में साल 2020 और 2021 में यौन संबंधित रोगों (एसटीडी) की दर में करीब 30त्न की वृद्धि दर्ज की गई है। फ्रांस में एड्स और यौन से होने वाले अन्य संक्रमणों के प्रसार को रोकने के



उद्देश्य से कंडोम की सप्लाई पहले से ही राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली द्वारा की जाती है।

## नासा का ओरियन चंद्रमा की परिक्रमा कर पृथ्वी पर लौटा,आर्टमिस ल्यूनर प्रोग्राम का पहला चरण पूरा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का ओरियन कैप्सूल वापस पृथ्वी पर लौट आया। यह कैप्सूल ने 40 हजार किलोमीटर प्रति घंटा की तेज रफ्तार से वायुमंडल में प्रविष्ट हुआ। पृथ्वी के वायुमंडल में आने के बाद कैप्सूल प्रशांत महासागर में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उतरा। बिना यात्री के अंतरिक्ष में गए इस कैप्सूल ने चंद्रमा की परिक्रमा कर स्थितियों का आकलन किया और तस्वीरें लीं। कैप्सूल की यह यात्रा नासा के आर्टमिस ल्यूनर प्रोग्राम का हिस्सा थी। यह प्रोग्राम अपोलो अंतरिक्ष यान के चंद्रमा की सतह पर उतरने के 50 साल बाद शुरू किया गया है। बूंद की आकार का ओरियन कैप्सूल अपने साथ मानव के आकार के तीन पुतले लेकर अंतरिक्ष में गया। इन पुतलों में तारों के जरिये सेंसर बांधे गए थे। अत्यधिक ज्यादा और कम तापमान वाले क्षेत्रों से गुजरते हुए यह कैप्सूल अमेरिकी समयानुसार रविवार प्रातः 9.40 बजे प्रशांत महासागर में उतरा। यह कैप्सूल मेक्सिको के बाजा कैलिफोर्निया प्रायद्वीप के नजदीक उतरा है। कैमरों की तस्वीरों और सेंसर के डेटा का अध्ययन कर चंद्रमा के संबंध में और जानकारियां एकत्रित की जाएंगी। साथ ही देखा जाएगा कि दूरस्थ क्षेत्र की यात्रा कर अंतरिक्ष यात्री किस सीमा तक सुरक्षित रहकर वापस लौट सकते हैं। नासा के अधिकारी राब नावियास के अनुसार इस अध्ययन से हम चंद्रमा के बारे में ज्यादा जान पाएंगे और उसके करीब पहुंच पाएंगे। ओरियन कैप्सूल चंद्रमा के सबसे ज्यादा दूर छोर तक पहुंचने में सफल रहा। यह दूरी पृथ्वी से 4,34,500 किलोमीटर है। रविवार सुबह कैप्सूल ने जब 40 हजार किलोमीटर प्रति घंटा की भीषण रफ्तार से पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश किया तो कुछ क्षणों के लिए नासा के कंट्रोल रूम में बैठे वैज्ञानिकों की सांसें रुक गईं। यह वह समय होता है जब कैप्सूल या कोई भी अंतरिक्ष यान अत्यधिक तापमान के बीच से गुजरता है।